www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

गुरुवार
14 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 64, 24 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

ऑफ स्पिनर आर. अश्विन आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज बने P-22






मोदी सरकार की गारंटी

विश्वस्तरीय डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

₹ 120 लाख करोड़ से अधिक के डेडीकेटेड रेल फ्रेट परिवहन कॉरिडोर से देश की प्रगति को अभूतपूर्व गति

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

हमारा संकल्प विकसित भारत


cbc 22201/13/0353/2324


लाजपत नगर-साकेत, इंद्रलोक-इंद्रपुरी मार्ग पर सुविधा

# फैसला: मेट्रो के दो नए गलियारे मंजूर

**20** किलोमीटर से ज्यादा है दोनों कॉरिडोर की लंबाई

**08** नए इंटरचेंज स्टेशन बनेंगे इन दोनों मार्गों पर

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण में दो नए गलियारों को मंजूरी दे दी। पहली लाइन इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ के बीच, जबकि दूसरी लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगी।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेट्रो लाइनों के निर्माण पर 8399 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसकी व्यवस्था भारत सरकार, दिल्ली सरकार, अंतरराष्ट्रीय फंडिंग एजेंसियों से की जाएगी।

**बहादुरगढ़ से सीधे दिल्ली का संपर्क:** इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ लाइन हरियाणा के बहादुरगढ़ क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, क्योंकि इन क्षेत्रों के यात्री सीधे इंद्रप्रस्थ के साथ-साथ मध्य एवं पूर्वी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में पहुंचने के लिए ग्रीन लाइन पर यात्रा कर सकेंगे। इन गलियारों पर इंद्रलोक, नबी करीम, नई दिल्ली, दिल्ली गेट, इंद्रप्रस्थ, लाजपत नगर, चिराग दिल्ली और साकेत जी ब्लॉक में आठ नए इंटरचेंज स्टेशन बनेंगे।

**आईजीएफए पर मुहर:** कैबिनेट ने भारत और यूएई के बीच अंतर-सरकारी फ्रेमवर्क समझौते (आईजीएफए) को भी मंजूरी दे दी। भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे को सशक्त बनाने और संचालन के लिए समझौते पर बीती 13 फरवरी को हस्ताक्षर हुए थे। आईजीएफए का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाना एवं बंदरगाहों, समुद्री तथा लॉजिस्टिक क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाना है। आईजीएफए में आईएमईसी के विकास के संबंध में भविष्य में संयुक्त निवेश और सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के उद्देश्य से दोनों देशों के बीच सहयोग के क्षेत्र शामिल हैं।



नई दिल्ली में बुधवार को मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट फैसलों की जानकारी दी। • प्रेट्र

### इन इलाकों को लाभ

इन दो नई लाइन के शुरू होने से मेट्रो के जरिए पश्चिमी और दक्षिणी दिल्ली की घनी आबादी वाले ज्यादातर इलाके कवर हो जाएंगे। इनके अधिकतर हिस्सों में पहले से मेट्रो का परिचालन हो रहा है। दो लाइन से बाकी बचे इलाके भी कवर हो जाएंगे जिससे लाखों लोगों को फायदा मिलेगा।

### तीन समझौतों पर मुहर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग टोबगे 14-18 मार्च के बीच भारत यात्रा पर रहेंगे। उनकी यात्रा से पहले मंत्रिमंडल ने भारत-भूटान के बीच ऊर्जा संरक्षण, खाद्य सुरक्षा और हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में तीन समझौतों को मंजूरी प्रदान की है।

› पहुंच बढ़ेगी P02

# तीन पूर्व सीएम पर दांव, दिल्ली में दो नए चेहरे

**दूसरी सूची**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भाजपा ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इसमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, त्रिवेंद्र सिंह रावत, बसवराज बोम्मई शामिल हैं। इसके अलावा चार केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, अनुराग ठाकुर, पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी को उम्मीदवार बनाया गया है। गोयल पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

पार्टी ने दिल्ली की बची दो सीटों पर फिर नए चेहरों को उतारा है। हर्ष मल्होत्रा पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। यह सीट पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर के पास थी। वहीं, योगेंद्र चंदोलिया उत्तर पश्चिमी दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। 2019 में यहां से गायक हंसराज हंस चुनाव जीते थे। भाजपा ने हरियाणा में करनाल सीट से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को उतारा है। इधर, गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह यादव और फरीदाबाद से कृष्णपाल गुर्जर मैदान में होंगे। उत्तराखंड में दो पूर्व मुख्यमंत्रियों गढ़वाल से तीरथ सिंह रावत की जगह अनिल बलूनी और हरिद्वार से रमेश पोखरियाल निशंक की जगह त्रिवेंद्र सिंह रावत को टिकट दिया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से टिकट दिया गया है।



मनोहर लाल, सीट: करनाल | त्रिवेंद्र सिंह रावत, सीट: हरिद्वार | बसवराज बोम्मई, सीट: हावेरी

**267** प्रत्याशियों के नामों की घोषणा अब तक कर चुकी है पार्टी

**15** महिलाओं को दूसरी सूची में भाजपा ने जगह दी



नितिन गडकरी, सीट: नागपुर | पीयूष गोयल, सीट: मुंबई उत्तर

### प्रताप सिम्हा का टिकट कटा, संसद सुरक्षा चूक में आया था नाम

नई दिल्ली। भाजपा ने मैसूर-कोडागु लोकसभा सीट से सांसद प्रताप सिम्हा का टिकट काट दिया है। उनकी जगह यदुवीर कृष्णदत्त चामराज वाडियार को मैदान में उतारा गया है। पिछले साल संसद में बड़ी सुरक्षा चूक हुई थी। इस कांड के बाद भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा का भी नाम आया था। दरअसल, संसद में कूदने वाला सागर भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के विजिटर पास से ही अंदर दाखिल हुआ था।

### लोजपा से सीटों पर बात

भाजपा-लोजपा में सीट बंटवारे पर बात हो गई है। सूत्रों ने कहा, पासवान बिहार की 40 लोकसभा सीट में से पांच पर चुनाव लड़ सकते हैं। चिराग के खाते में हाजीपुर सीट आ सकती है।

› संबंधित खबरें P03, 07

## पांच वर्ष में 22 हजार चुनावी बॉन्ड बिके

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने संविधान पीठ के आदेश के मुताबिक चुनावी बॉन्ड के जरिये राजनीतिक दलों को दिए गए चंदे का ब्योरा भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को मुहैया करा दिया है।

एसबीआई ने शीर्ष अदालत में दाखिल अपने हलफनामे में कहा है कि 'एक अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 तक कुल 22,217 चुनावी बॉन्ड जारी किए गए।

बैंक की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, राजनीतिक दलों ने इनमें से 22,030 बॉन्ड ही भुनाए। 187 बॉन्ड भुनाए नहीं गए हैं। इनकी राशि प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा कर दी गई है। एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा ने यह हलफनामा दाखिल किया है।

› जानकारी दी P09

# उम्मीद: स्वदेशी चिप का उत्पादन अगले वर्ष के अंत तक शुरू होगा

**धोलेरा, एजेंसी।** अगले वर्ष के अंत तक देश में पहली स्वदेशी चिप की आपूर्ति होने लगेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की आधारशिला रखी। इन केंद्रों में दो गुजरात और एक असम में है।

टाटा कंपनी असम के मोरीगांव और गुजरात के धोलेरा में चिप निर्माण करेगी। गुजरात के साणंद में सीजी पावर कंपनी सेमीकंडक्टर का प्लांट लगा रही है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2026 की शुरुआत में चिप का उत्पादन शुरू करने का है। असम में यह काम पहले भी किया जा सकता है। हम असम में 2025 के अंत तक व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर सकते हैं।

> “हम इलेक्ट्रॉनिक चिप के बिना 21वीं सदी की कल्पना नहीं कर सकते। मेड इन इंडिया और डिजाइन इन इंडिया चिप भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने की बड़ी क्षमता पैदा करेंगी।
> –नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



**पूर्व की सरकारों पर निशाना साधा:** गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। मोदी ने पिछली सरकारों पर देश की क्षमता, प्राथमिकताओं और भविष्य की जरूरतों को नहीं समझने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

**धोलेरा में अलगे वर्ष उत्पादन :** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के धोलेरा संयंत्र से सेमीकंडक्टर का उत्पादन दिसंबर, 2026 से होने लगेगा। सेमीकंडक्टर की जरूरत खासतौर पर वाहन, मोबाइल फोन, फ्रिज, एसी, विमान, ट्रेन और और चिकित्सा सहित कई क्षेत्रों में पड़ती है।

› विश्व शक्ति बनेंगे P06

## प्रमुख पांच

**पेटीएम फास्टटैग 15 तक बदलने की सलाह**

1 एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को 15 मार्च से पहले अन्य बैंक से नया फास्टैग लेने की सलाह दी है। P20

**उत्तराखंड में यूसीसी पर राष्ट्रपति की मुहर**

2 उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंजूरी दे दी। P10

**रामलीला मैदान में आज जुटेंगे किसान**

3 दिल्ली के रामलीला मैदान में गुरुवार को किसानों ने महापंचायत करने का ऐलान किया है। P04

**अहमदनगर अब अहिल्यादेवी नगर**

4 महाराष्ट्र सरकार ने अहमदनगर जिले का नाम बदलकर अहिल्यादेवी नगर कर दिया है। P06

**पूर्वोत्तर में नागरिकता की ज्यादा चिंता**

5 नागरिकता (संशोधन) कानून यानी सीएए पर पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में खुशी भी है और विरोध भी। ऐसे में, चुनाव के लिहाज से यह कितना अहम मुद्दा होगा?



प्रभाकर मणि तिवारी P14

# ऐलान: कांग्रेस महिलाओं को हर वर्ष एक लाख देगी

- राहुल ने की पांच नारी न्याय गारंटी की घोषणा
- सरकारी नौकरी में 50 फीसदी आरक्षण देंगे

**धुले, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पांच 'नारी न्याय गारंटी' दी जाएगी। इसके तहत गरीब महिलाओं के खातों में सालाना एक लाख रुपये जमा किए जाएंगे। सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत महाराष्ट्र के धुले जिले में एक महिला रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पांच नारी न्याय गारंटी की घोषणा की। उन्होंने वादा किया कि मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत महिलाओं के लिए बजट में हिस्सेदारी दोगुनी की जाएगी।

राहुल गांधी ने कहा कि हर जिले में महिलाओं के लिए सावित्री बाई फुले छात्रावास स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा भागीदारी शब्द इस्तेमाल जाए जाने का अर्थ है कि किसी भी निर्णय में सभी जातियों और समुदायों को शामिल किया जाए।

# संकट: बाजार धराशायी, ₹13 लाख करोड़ डूबे

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार में भारी बिकवाली के बीच बुधवार को निवेशकों के 13.47 लाख करोड़ रुपये डूब गए। सेंसेक्स 900 अंक से अधिक का गोता लगाते हुए 73,000 अंक से नीचे आ गया। वहीं, निफ्टी 338 अंक लुढ़ककर 22,000 के स्तर से नीचे बंद हुआ।

छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांकों में तीव्र गिरावट के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में दिनभर तबाही का मंजर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, बिजली, ऊर्जा, धातु के शेयरों में नुकसान और विदेशी संस्थागत निवेशकों की हाल की बिकवाली से बाजार नीचे आया। पावर ग्रिड में सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीएसई 'स्मॉलकैप' सूचकांक 5.11 प्रतिशत, 'मिडकैप' सूचकांक 4.20 प्रतिशत नीचे आया।

### अडानी को 90 हजार करोड़ का नुकसान

अडानी समूह की सभी 10 कंपनियों के शेयर लाल निशान पर बंद हुए। सबसे अधिक गिरावट अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में देखने को मिली, जो 13 फीसदी टूटे। वहीं, अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी पोर्ट्स के शेयर से पांच फीसदी से ज्यादा लुढ़क गए। इस गिरावट से समूह का बाजार पूंजीकरण करीब 90,000 करोड़ रुपये कम हो गया।

› बिकवाली का तूफान P17


अपने शहर में बचपन प्ले स्कूल शुरू करें।

BACHPAN 20 YEARS OF LEGACY

1200+ Schools | 2 Lakh Students | 400+ Cities | 25 States



• निवेश 12-15 लाख & 200 वर्ग मीटर जगह
• पाठ्यक्रम तथा संचालन मे सहायता
• प्राइमरी/10+2 स्कूल अपग्रेड संभव

फ्रैंचाइजी दिल्ली-NCR तथा सभी आसपास के क्षेत्रों से आमंत्रित।

हमारे फ्रैंचाइजी मैनेजर से संपर्क करें।

DELHI+GURUGRAM Babita 8860619151 | NOIDA Varsha 8860619134
GHAZIABAD Priya 9289755502 | OTHER CITIES Amit Kumar 9811437000

ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2024-25

B-22, South Ext. # 9999558747 • Hauz Khas # 9119919108 • Vasant Kunj # 8006380666 • Burari # 9205004065 • West Karawal Nagar # 8882049905 • Dwarka, Sec.-19 # 9711233301 • ROHINI: Sec.-4 # 7838564810 • Sec.-7 # 9990777383 • Sec.-16 # 9667726241 • Chhattarpur # 9990001908 • Najafgarh # 9911128402 • Prince Colony # 9289040008 • Budh Vihar # 9999473432 • Mehrauli # 9953800088 • Khanpur # 9811558865 • Paschim Vihar # 9958200582 • Sagarpur # 9811182070 • Janakpuri # 9891547339 • Greater Kailash-2 # 9582523841 • NOIDA: Greater Noida West # 9698800600 • Sec.-144 # 9051480630 • Sec.-70 # 9310104375 • GHAZIABAD: Raj Nagar # 7290090399 • Sahibabad # 9354513968 • Vaishali # 9953002550 • Muradnagar # 7300769960 • FARIDABAD: NIT # 9811124326 • Sec.-21 # 9911007914 • GURGAON: New Colony # 9650281010 • Sec.-89 # 9205254611 • Sec.-90 # 8750370055 • Sec.-68/69 #9599256283 • Sec.-46 # 7428740021 • Manesar #9466101111

www.bachpanglobal.com | Admission Helpline : 7290047000

Registered Office: S.K. Tower, 9988/B-1, Sarai Rohilla, New Rohtak Road, New Delhi-110005
Ph: 011-35106666/7777 • E-mail: franchise@bachpanglobal.com • CIN: U74899DL1999PTC10125

TO START OWN PRIMARY/K-12 SCHOOL : 9811437000



Muthoot Finance

India's No. 1* Most Trusted Financial Services Brand Presents

गोल्ड लोन मेला

शुक्रवार, 15 मार्च



सिर्फ़ 83# पैसा प्रति माह की ब्याज दर से शुरू

शाखाएं सुबह 8 बजे से खुलेंगी

तुरंत लोन, कोई छुपा शुल्क नहीं | आपके सोने की 7 स्तरीय सुरक्षा
Gold Loan@Home गोल्ड लोन पायें घर बैठे-बैठे | ऑनलाइन भुगतान की सुविधा
रेफर एंड विन रेफर करें और जीतें गिफ़्ट वाउचर**

'भरोसा इंडिया का' वीडियो देखने के लिए स्कैन करें

1800 313 1212
muthootfinance.com

*TRA's Brand Trust Report 2023 #शर्तें लागू। **शर्तें लागू।

Muthoot Family - 800 years of Business Legacy

## काम की खबरें

### 1 विज्ञान पत्रिका के लिए चित्र और फोटो मांगे

शिक्षा निदेशालय ने पत्रिका 'नई उड़ान' के मार्च संस्करण के लिए चित्र, स्केच, फोटो मांगे हैं। विषय एआई और रोबोटिक्स है। इनको **doesciencemagazine@gmail.com** पर छात्र और शिक्षक भेज सकते हैं।

### 2 होली पर रेलवे विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा

यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे होली पर विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करेगा। अलग-अलग रूट पर जाने वाली इन ट्रेनों का संचालन मुख्यतः 21 मार्च से 29 मार्च के बीच होगा। आनंद विहार टर्मिनल से पटना, जयनगर, सहरसा, जोगबनी आदि के लिए ट्रेनें चलेंगी।

### 3 मॉडल वर्चुअल स्कूल में दाखिले की दौड़ शुरू

दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल में कक्षा नौवीं में दाखिला को लेकर दौड़ शुरू हो गई है। आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। उप शिक्षा निदेशक कार्यालय ने सर्कुलर जारी कर दिया है। **https://www.dmvs.ac.in/** पर जाकर 31 मार्च तक आवेदन करना होगा।

### 4 स्पोर्ट्स स्कूल में आवेदन करने की तारीख बढ़ी

दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में दाखिले को लेकर ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। 24 मार्च तक **https://dss.dsu.ac.in/registration** लिंक पर जाकर कक्षा छठीं, सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा की खाली सीटों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे।

## आज का मौसम

26.0° अधिकतम | 13.0° न्यूनतम

सूर्योदय: 06:33। सूर्यास्त: 18:28

**अनुमान**
राजधानी में सुबह बादल छाए रहेंगे। दोपहर तक आसमान साफ हो जाएगा।

## मुकद्दस रमजान



**इफ्तार (14 मार्च) रोजा गुरुवार**

| सुन्नी: | शिया: |
|---|---|
| 6:30 बजे शाम | 6:41 बजे शाम |

**सहरी (15 मार्च) रोजा शुक्रवार**

| सुन्नी: | शिया: |
|---|---|
| 05:12 बजे प्रातः | 05.02 बजे प्रातः |

(समय में क्षेत्रवार परिवर्तन संभव है)

## शहर 30s

### आईएएस ज्ञानेश भारती का ट्रांसफर

नई दिल्ली। आईएएस अधिकारी ज्ञानेश भारती का दिल्ली नगर निगम के आयुक्त पद से ट्रांसफर हो गया है। केंद्र सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने बुधवार को आदेश जारी करते हुए कई आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। इनमें से एक ज्ञानेश भारती भी हैं। उनका महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अपर सचिव के पद पर तबादला हुआ।

### कर्मी के परिवार को ₹32 लाख का चेक सौंपा

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारी कृष्ण के परिवार को महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने सम्मानित करते हुए बुधवार को 32 लाख रुपये का चेक सौंपा। साथ ही उनके बेटे आकाश को नियुक्ति पत्र भी दिया। सफाई कर्मचारी की एक दुखत घटना में ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो गई थी। महापौर ने कहा कि दिवंगत कृष्ण के परिवार के साथ हम मजबूती से खड़े हैं।

भाजपा ने सात में से छह चेहरे बदले, चार प्रदेश पदाधिकारियों को उतारा, अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भी तैयारी शुरू

# रणनीति : बड़े नाम नहीं, संगठन में काम करने वालों को तरजीह

सत्ता संग्राम

■ गौरव त्यागी

नई दिल्ली। भाजपा ने दिल्ली में लोकसभा का रण जीतने के लिए संगठन के दिग्गजों पर दांव लगाया है। दिल्ली की सात लोकसभाओं में छह चेहरे बदल दिए हैं। चार सीटों पर प्रदेश पदाधिकारियों को टिकट दिया गया है।

पार्टी ने बार-बार बाहरी और सेलिब्रेटी को टिकट मिलने के आरोपों को दूर करते हुए लोकसभा के साथ अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की बिसात भी बिछा दी है। दूसरी सूची में पार्टी ने पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा को मैदान में उतारा है। वह लंबे समय से संगठन में अलग अलग पदों पर काम कर रहे हैं। इनके जरिये भाजपा ने पंजाबी वोटरों को साधने का प्रयास किया है। उधर, उत्तर पश्चिमी दिल्ली से उतारे गए योगेंद्र चंदोलिया की जमीनी स्तर पर मजबूत उपस्थिति ने उन्हें टिकट की लाइन में सबसे आगे कर दिया।

**सभी को साधने का प्रयास :** भाजपा ने सात लोकसभा सीटों के टिकट में सभी वर्गों को साधने का प्रयास किया है। उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी के सहारे पूर्वांचल समाज को प्रतिनिधित्व दिया है। तिवारी तीसरी बार मैदान में हैं और पुराने सांसदों में केवल उन्हें ही टिकट मिला है। प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज को नई दिल्ली और प्रदेश महामंत्री कमलजीत सहरावत को पश्चिमी दिल्ली से मैदान में उतारा है। पहली बार दो महिलाओं को टिकट देकर भाजपा ने महिला वोटरों में सेंध लगाने का प्रयास किया है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी को टिकट देकर गुर्जर और दिल्ली देहात में वोट बढ़ाने का प्रयास है। दलित नेता के तौर पर चंदोलिया और पंजाबी वोटरों के लिए हर्ष मल्होत्रा को टिकट दिया गया है।

**तीन पूर्व महापौर को टिकट :** अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते और राजधानी में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठजोड़ का मुकाबला करने के लिए भाजपा ने जमीनी नेताओं को मैदान में उतारा है। तीन पूर्व महापौर को इस बार टिकट दिया गया है। पूर्वी दिल्ली से प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा, उत्तर पश्चिमी दिल्ली के प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया और पश्चिमी दिल्ली से चुनाव लड़ रही कमलजी सहरावत महापौर रह चुकी हैं।

**विधानसभा की बिसात भी तैयार :** लोकसभा चुनाव के टिकट वितरण के साथ पार्टी ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की बिसात भी बिछानी शुरू कर दी है। लोकसभा में स्थानीय नेताओं को टिकट देकर कार्यकर्ताओं को संदेश दिया गया है कि काम करने पर उन्हें भी टिकट मिल सकता है। अलग- अलग वर्गों को टिकट में प्रतिनिधित्व दिया गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, जिन नेताओं के टिकट काटे गए हैं, उन्हें प्रदेश की राजनीति में सक्रिय किया जाएगा। सेलिब्रेटी को इस बार चुनावी मैदान से दूर रखा गया है। बीती लोकसभा में पूर्वी दिल्ली से क्रिकेटर गौतम गंभीर और उत्तर पश्चिमी दिल्ली गायक हंसराज हंस को टिकट दिया गया था।

### योगेंद्र चंदोलिया : दलित चेहरा, जमीनी स्तर पर कर रहे कार्य



उत्तर पश्चिमी लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाए गए योगेंद्र चंदोलिया प्रदेश महासचिव हैं। वह उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर और स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन रह चुके हैं। पार्टी में लंबे समय से काम कर रहे चंदोलिया को स्थानीय स्तर पर दलित चेहरा माना जाता है। हंसराज हंस के बाद अब भाजपा ने अपने दूसरी सूची में स्थानीय प्रत्याशी पर दांव लगाया है।

इस सीट पर अभी कांग्रेस ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है।

### हर्ष मल्होत्रा : पार्टी के पुराने कार्यकर्ता, काम का अनुभव



पूर्वी दिल्ली से प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा संगठन का पुराना चेहरा हैं। वह प्रदेश महासचिव हैं। इससे पहले 2015-16 में पूर्वी दिल्ली नगर निगम के महापौर रह चुके हैं। दिल्ली भाजपा में प्रशिक्षण के इंचार्ज हैं। पंजाबी और पुराने कार्यकर्ता के नाते उन्हें टिकट दिया गया है।

हर्ष मल्होत्रा का मुकाबला आप-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी विधायक कुलदीप कुमार के साथ होगा।

# दो पूर्व विधायक और एक पार्षद भाजपा में शामिल

आयाराम-गयाराम

■ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में पार्टी का दामन थामा

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के मौजूदगी में बुधवार को कई आप और कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए। ठाकुर ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है। इसके चलते बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दक्षिणी दिल्ली से सांसद प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पटका पहनाकर पूर्व कांग्रेस विधायक बलराम तंवर, बदरपुर से आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक नारायण दत्त शर्मा, पूर्व निगम पार्षद रमेश अम्बावता और दिल्ली सरकार के ओबीसी कमीशन के अध्यक्ष जगदीश यादव को भाजपा में शामिल किया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि जो चार नेता भाजपा में शामिल हुए हैं, उन्हें पता है कि देश मोदी के हाथ में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर दिल्ली की आप सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहीम चलानी है।

## केंद्रों की होगी रियल टाइम निगरानी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष मतदान को लेकर कमर कस ली है। 21 हजार वेब कैमरों से मतदान केंद्रो की निगरानी की जाएगी।

दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से 50 फीसदी मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्टिंग के जरिए रियल टाइम निगरानी होगी। ईवीएम और वीवीपैट को जिस कक्ष में तैयार किया जाएगा, वहां भी 350 कैमरे लगाए जाएंगे। स्ट्रांग रूम में 840 कैमरे लगेंगे।

## कंट्रोल रूम और कॉल सेंटर बनेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली के हर लोकसभा क्षेत्र में कंट्रोल रूम और कॉल सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

इस संबंध में उत्तरी जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसको लेकर अलग-अलग विभाग के 26 अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। पोलिंग बूथ के लिए जगह भी चिन्हित की जा रही है।

**CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT**
**(NAAC ACCREDITED with A++ Grade)**

**RECRUITMENT NOTICE**

Online applications are invited from eligible candidates (As per UGC notification 18 July 2018 and subsequent UP Government order no. 1190/सत्तर-1-2019-16(114)/2010 dated 15 October 2019 and first Statutes of University as amended from time to time) for appointment in the various departments in the University.

**Online submission of application start from 06.03.2024 to 06.04.2024**

**Last date of submission of the printout of online filled form (downloaded)is 12.04.2024.**

Link for the form and other details: **http://www.ccsuniversity.ac.in/ccsu/recruitment** in for further details and eligiblity conditions.

**Registrar**




Join Magazine Group @ ₹60/m WhatsApp To 8969469464

Vision IAS Monthly Current Affairs, Drishti IAS Current Affairs, Next IAS Current Affairs, SHIELD Current Affairs, Shankar IAS Current Affairs, संस्कृति IAS Current Affairs, Hindu Monthly Review, Pratiyogita Darpan, प्रतियोगिता दर्पण, सामान्य ज्ञान दर्पण, सक्सेस मिरर, Yojana, Kurukshetra, योजना, कुरुक्षेत्र, Employment News, रोजगार समाचार, Frontline, Forbes, Dalal Street Investment Journal, Down to Earth, India Today, The Week, Economic and political weekly, Outlook, The Economist, इंडिया टुडे, गृहशोभा, चंपक, The Caravan, Hotelier, Vanita (Hindi, Malayalam)

(अगर और कोई मैगजीन चाहिए तो डिमांड करे उपलब्ध करा दिया जाएगा)

Join Epaper Group @ ₹30/m WhatsApp To 8969469464
राष्ट्रीय संस्करण (National Group)

Hindu, Indian Express, Business Line, Business Standard, Economic Times, Financial Express, Editorial Times Of India, Mid-Day, Hindustan Times, Mint, Asian Age, Tribune, Deccan Chronicle, Eastern Chronicle, Telegraph, The Daily Guardian, The Business Guardian, Millennium Post, First India, Hans, Statesman, Free Press Journal, Pioneer, The New Indian Express, Mirror Bangalore, Telangana Today, Punjabi Tribune, The Daily Excelsior, The News Now, Sangai Express, The Meghalayan Gaurdian, Daily Jammu Jottings, The Hills Times, Salar, The Excel Express, Nagaland Post, The Himalayan Mail, YugMarg, Tripura Times, Tripura Observer, The Mizoram Post,Samaja, Inquilab, Malayalam Manorama, राष्ट्रीय जागरण, हिंदूस्तान , जनसत्ता दिल्ली, नव भारत टाइम्स दिल्ली, अमर उजाला, बिजनेस स्टैंडर्ड, पत्रिका, दैनिक भास्कर, राष्ट्रीय सहारा, प्रभात खबर , हरिभूमि दिल्ली, देशबन्धु, संपादकीय हिंदी

Up Zone Group For All UP District EPapers (हिंदूस्तान, अमर उजाला, जागरण)

Bihar Zone Group For All Bihar District EPapers (हिंदूस्तान, प्रभात खबर, जागरण)

Rest India Zone Group For Others District Of India EPapers

# पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी पर कार्रवाई न करें : हाईकोर्ट

**आदेश**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को मजनू का टीला इलाके में पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी शिविर को ढहाए जाने के प्रस्ताव के संबंध में कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाने के निर्देश दिए हैं।

न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने चार मार्च के सार्वजनिक नोटिस के खिलाफ दायर एक याचिका पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। क्षेत्र में लगाए गए नोटिस में निवासियों को शिविर खाली करने का निर्देश दिया गया। ऐसा न करने पर इसे ध्वस्त करने की चेतावनी दी गई।

### बुनियादी सुविधाएं दी जा रहीं : याचिकाकर्ता

याचिकाकर्ता ने सीएए को मद्देनजर रखते हुए शिविर को तब तक हटाने या ध्वस्त नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है, जब तक उनके लिए वैकल्पिक भूखंड आवंटित नहीं किया जाता। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए प्रताड़ित गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को संरक्षण मिला हुआ है। याचिकाकर्ता ने कहा कि वर्षों से मजनू का टीला में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों को अधिकारियों द्वारा बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इनके बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं।

पीठ ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित पाकिस्तानी नागरिकों की मदद से जुड़े एक अन्य मामले में केंद्र की तरफ से पहले एक बयान दिया गया था।

पीठ ने मामले को 19 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि भारत के तत्कालीन अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने बयान दिया था कि पाकिस्तान से भारत में प्रवेश करने वाले हिंदू समुदाय को भारत संघ हरसंभव सहायता देने का प्रयास करेगा। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख तक कठोर कार्रवाई नहीं करने को कहा है। डीडीए के वकील ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने यमुना डूब क्षेत्र में गुरुद्वारा मजनू का टीला के आसपास अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि डीडीए को याचिकाकर्ता से सहानुभूति हो सकती है, लेकिन यह न्यायिक आदेशों को लेकर बाध्य है।


दिल्ली विश्वविद्यालय की आर्ट फैकल्टी के सामने बुधवार को सीएए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते एसएफआई के सदस्य और अन्य छात्र। ● सलमान अली

## सीएए के विरोध में प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली विश्वविद्यालय के आर्ट फैकल्टी के सामने बुधवार को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के नेतृत्व में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र सहित अन्य छात्रों ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

छात्रों का आरोप है कि पुलिस द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने पर पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई की। छात्रों ने आरोप लगाया कि सुरक्षा बलों ने उनको घसीटा और उनके ऊपर बल प्रयोग किया। उनको शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन नहीं करने दिया गया। यही नहीं कई छात्रों को हिरासत में भी लिया गया। मंगलवार को भी प्रदर्शन हुआ था।

### दिल्ली पुलिस ने रामलीला मैदान में शर्तों के साथ मंजूरी दी, आसपास के सभी इलाकों में बड़ी संख्या में जवान तैनात किए

# किसानों की महापंचायत आज, संभलकर निकलें

**हुंकार**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली पुलिस ने रामलीला मैदान में गुरुवार को आयोजित होने वाली किसान महापंचायत को शर्तों के साथ मंजूरी दी है। इसके मद्देजनर सुरक्षा के कड़े बंदोस्त किए गए हैं।

वहीं, आंदोलन की कमान संभालने वाले संगठन ने किसानों और मजदूरों से आने की अपील की है। इसलिए पुलिस ने भी आसपास के इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिसबल की तैनाती की है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि पांच हजार से ज्यादा लोग मौजूद न रहें। यह भी कहा कि ट्रैक्टर या ट्रॉली मौजूद नहीं होनी चाहिए। महापंचायत 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी।

महापंचायत के दौरान शरारती तत्व कोई गड़बड़ी फैलाने की कोशिश न करें, इसके लिए स्थानीय पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बल भी तैनात किया गया है। महापंचायत के दौरान कैमरों से भी नजर रखी जाएगी। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

उधर, महापंचायत से पहले बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने रामलीला ग्राउंड पहुंचकर तैयारियों का जाएजा लिया। किसान नेताओं ने कल की रणनीति को लेकर बैठक भी की। बैठक में राकेश टिकैत, दर्शनपाल सिंह समेत अन्य किसान नेताओं ने शिरकत की। संयुक्त किसान मोर्चा के मुताबिक बड़ी संख्या में किसान रामलीला पहुंचने के लिए चल चुके है। संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत के किसानों, खेतिहर मजदूरों और आम लोगों सहित सभी समन्वय संगठनों जैसे केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का संयुक्त मंच, अन्य ट्रेड यूनियन, महिला संगठन, छात्र संगठन, युवा संगठनों से भी महापंचायत में बड़ी संख्या में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की है।


दिल्ली में किसान महापंचायत में जाने के लिए बुधवार को पटियाला से ट्रेन में बैठते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य। ● एजेंसी

**60 हजार लोगों के आने की संभावना**

जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के आसपास भी यातायात प्रभावित रहेगा। यातायात पुलिस के मुताबिक, कार्यक्रम में लगभग 60 हजार के लोगों के आने की संभावना है। इसके चलते इस पूरे क्षेत्र में दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक यातायात प्रभावित रह सकता है। भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, जोर बाग रोड, दयाल सिंह-सीजीओ रोड, डीएवीपी रोड-जेएलएन रोड, एससीआरओ कांप्लेक्स रोड, स्कोप कांप्लेक्स रोड, बारापूला इलेवेटेड रोड, लाला लाजपत राय मार्ग-लोधी रोड क्रॉसिंग, जेएलएन रोड-भीष्म पितामह रोड क्रॉसिंग, महर्षि रमन मार्ग- लोधी रोड-भीष्म पितामह मार्ग क्रॉसिंग, लाला लाजपत राय मार्ग, मथुरा रोड आदि पर यातायात प्रभावित रहेगा।

## रामलीला मैदान के पास हो सकता है यातायात प्रभावित

**ट्रैफिक अपडेट**

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** राजधानी के कई हिस्सों में गुरुवार को यातायात प्रभावित रहने की संभावना है। रामलीला मैदान में होने वाली किसान महापंचायत के चलते इसके आसपास यातायात प्रभावित रहेगा। वहीं, जेएलएन स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के चलते दोपहर बाद इसके आसपास यातायात प्रभावित रहेगा।

यातायात पुलिस ने दोनों कार्यक्रमों के लिए यातायात परामर्श जारी किया है। इसमें कहा गया है कि यात्री संबंधित मार्गों से गुजरने की बजाय वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें और यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर चलें। 14 मार्च को जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित रामलीला मैदान में किसान महापंचायत का आयोजन होगा। इसे देखते हुए इसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह छह से शाम चार बजे तक यातायात प्रभावित हो सकता है। इसमें खासतौर पर जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग, आसफ अली रोड, स्वामी विवेकानंद मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, मिन्टो रोड, महाराज रंजीत सिंह फ्लाईओवर, भवभूति मार्ग, चमन लाल मार्ग, बाराखंबा रोड, तोलस्तोय मार्ग, जय सिंह रोड, संसद मार्ग, बाबा खड़ग सिंह मार्ग, अशोका रोड, कनॉट सर्कस, डीडीयू मार्ग आदि शामिल हैं।

### कई इलाकों में रूट डायवर्ट किए जाएंगे

कई इलाकों में सुबह छह बजे से यातायात डायवर्जन लागू किया जाएगा। इसमें दिल्ली गेट, मीर दर्द चौक, अजमेरी गेट चौक, गुरु नानक चौक, कमला मार्केट, पहाड़गंज चौक और झंडेवालान, बाबा खड़ग सिंह मार्ग से गुरुनानक चौक तक महाराजा रंजीत सिंह फ्लाईओवर, बाराखंबा रोड-तोलस्तोय मार्ग क्रॉसिंग, तोलस्तोय रोड-केजी मार्ग क्रॉसिंग और जीपीओ शामिल है। यातायात पुलिस ने लोगों को सार्वजनिक परिवहन का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने और यातायात निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

**शहर 30s**

### युवक ने अपहरण की कहानी रची

**नई दिल्ली।** खुद के अपहरण की झूठी कहानी रचकर एक युवक ने फिरौती मांग ली, लेकिन नई दिल्ली रेलवे पुलिस ने मंगलवार को युवक को बरामद किया तो कहानी सामने आ गई। युवक लेह नहीं जाना चाहता था, जिससे बचने के लिए उसने यह कहानी रच डाली। सूरज ने बताया कि वह यूपी के महाराजगंज जिले के सिसवां बाजार का रहने वाला है। वह अपने दोस्तों के साथ जेब में चार सौ रुपये लेकर लेह के लिए निकला था।

### शरीर में कोकीन छिपाकर ला रहा तस्कर दबोचा

**नई दिल्ली।** अपने शरीर में कोकीन के कैप्सूल छिपाकर लाने वाले तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। संदेह होने पर उसे दो मार्च के दिन हिरासत में लिया गया था। इस बीच चिकित्सीय प्रक्रिया के जरिए उसके शरीर से कोकीन के 71 कैप्सूल निकाले गए। नाइजीरिया मूल के यात्री ने पूछताछ में बताया कि वह अपने शरीर के अंदर छिपाकर मादक पदार्थ ला रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमत 15 करोड़ से ज्यादा मानी जा रही है।

### धोखाधड़ी मामले में हेड कांस्टेबल को जमानत

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने धोखाधड़ी के मामले में दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल को बुधवार को जमानत दे दी। मामला नवंबर 2019 में दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी संजय अग्रवाल की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि हेड कांस्टेबल अमित यादव ने उनके धन का दुरुपयोग किया था। विभिन्न समिति समूहों में निवेश करने के बहाने 1.95 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

### उमर खालिद की याचिका पर पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उमर खालिद की याचिका पर पुलिस और दो अन्य लोगों से जवाब मांगा है। उन्होंने 2018 में क्लब के बाहर जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद पर कथित तौर पर गोलियां चलाई थीं। खालिद ने अपनी याचिका में दोनों को हत्या के प्रयास के आरोप से मुक्त करने के अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती दी है। दोनों आरोपियों के खिलाफ कई धाराओं के तहत आरोप तय किए गए थे।

### अध्यात्म का मूल है मानव सेवा : श्वेता रावत

**नई दिल्ली।** अध्यात्म का मूल समाज के वंचित एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है। समाज में आज धन तो बहुत लोगों के पास होता है। लेकिन आध्यात्मिक व्यक्ति वही है जो गरीब एवं असहाय लोगों की सेवा करके धन का सदुपयोग करता है। यह बातें माता मंगला ने छतरपुर स्थित हंसलोक आश्रम में द हंस फाउंडेशन की अध्यक्ष श्वेता रावत के जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित जनकल्याण समारोह में कहीं।

### सामूहिक विवाह में 15 जोड़ों ने फेरे लिए

**नई दिल्ली।** आसफ अली रोड स्थित श्रीराम हनुमान वाटिका में फलेरा दूज पर 15 गरीब लड़कियों की शादी कराई गई। महंत श्रीरामकृष्ण दास महात्यागी, विधायक विशेष रवि, पूर्व पार्षद अशोक जैन आदि ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया। सभी को घरेलू उपयोग का सामान उपहार स्वरूप दिया गया। महंत श्रीरामकृष्ण दास महात्यागी ने कहा कि मदद करना नारायण सेवा के समान है। इसी कारण मंदिर की ओर से प्रतिवर्ष गरीब लड़कियों की शादी कराई जाती है।

### छावला में कारोबारी की दुकान पर गोलीबारी

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के छावला इलाके में बदमाशों ने मंगलवार को एक कारोबारी की दुकान पर गोलीबारी कर दी। सुबह जब कारोबारी दुकान पर पहुंचे तो शटर पर गोली लगने के निशान मिले। पीड़ित 49 वर्षीय नरेंद्र नजफगढ़ इलाके में रहते हैं। घर से कुछ दूरी इनकी परचून की दुकान है। सोमवार रात करीब 11 बजे उनकी पत्नी ने दुकान बंद की थी। सुबह मंगलवार को वह दुकान पर आए तो देखा कि शटर में गोली के निशान थे।


www.livehindustan.com

**टॉप ट्रेंडिंग खबरें**
www.livehindustan.com पर सबसे ज्यादा देखी-पढ़ी गई खबरों को पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

**टॉप वीडियो**
www.livehindustan.com पर जारी शीर्ष नवीनतम वीडियो को देखने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें।

**टॉप पॉडकास्ट**
www.livehindustan.com के शीर्ष नवीनतम पॉडकास्ट सुनने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें।


## मयूर विहार बाजार में कार चालक ने कई को रौंदा



मयूर विहार फेस 3 के बाजार में बुधवार रात सड़क किनारे रेहड़ी-पटरी पर सामान खरीद रहे लोगों को टक्कर मारती तेज रफ्तार कार। ● वीडियो ग्रैब

**@11 बजे, रात**

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** मयूर विहार फेस-3 स्थित बाजार में देर रात तेज रफ्तार कार ने कई लोगों को टक्कर मार दी। इसमें महिला की मौत हो गई। कई लोग घायल हुए हैं।

पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, लोगों ने कार चालक को मौके पर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे एक कार ने कई लोगों को टक्कर मार दी। इस में घायल हुए व्यक्ति जो अभी तक लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में आए हैं, उनकी कुल संख्या 7 हैं, इसमें पांच महिलाएं तथा दो पुरुष है। 7 व्यक्तियों में से एक महिला सीता देवी पुत्री मुन्नालाल उम्र 22 वर्ष पता खोड़ा कॉलोनी, हयात नगर, गाजियाबाद मृत है। इसमें आरोपी अभियुक्त कार्चालक भी घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों ने जमकर खूब हंगामा काटा और कार चालक की पिटाई कर दी।

■ महिला की मौत, लोगों ने चालक की पिटाई की

## तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** राजधानी के कई इलाकों में बुधवार शाम तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। हालांकि, इसका खास असर तापमान पर नहीं पड़ा है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में दिन चढ़ने के साथ ही तेज धूप रही। तीन बजे के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला और इसके बाद हल्के बादलों की आवाजाही शुरू हो गई।

## हत्या कर फंदे से लटकाया शव, परिवार वालों पर शक

**नई दिल्ली, व.सं.।** जहांगीरपुरी में एक युवक की हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया ताकि, आत्महत्या का रूप दिया जा सके। वारदात के दो माह बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हत्या की बात सामने आई। मंगलवार को पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस परिजनों पर शक जता रही है।

30 वर्षीय नईम सी ब्लाक की झुग्गियों में परिवार के साथ रहता था। पुलिस को 15 जनवरी को सूचना मिली कि नईम ने घर में खुदकुशी कर ली है और उसे परिजनों द्वारा फंदे से उतारकर बीजेआरएम अस्पताल ले जाया गया है। जहांगीरपुरी थाने से एसआई प्रदीप को नईम के भाई आलिम ने बताया कि नईम ने खुदकुशी कर ली है।

पुलिस को घर से फंदा भी मिला, पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस को मंगलवार को बीजेआरएम अस्पताल से नईम की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली, जिसके अनुसार यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या थी।

## महिला लुटेरों के गैंग का खुलासा

**नई दिल्ली, का.सं.।** पूर्वी दिल्ली की न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को महिला लुटेरों के गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान झुमरी, रीना, कुमा व ऑटो चालक मोहन के रूप में हुई है। वारदात में इस्तेमाल ऑटो व लूटी गई चेन के तीन टुकड़े बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस को मामले में दो और महिलाओं की तलाश है। इनके पास से संजना की टूटी हुई चेन के तीन हिस्से बरामद कर लिए गए।

## विदेश में नौकरी के बहाने सैकड़ों लोगों से करोड़ों ठगे

**नई दिल्ली, का.सं.।** कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर करीब पांच करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध शाखा ने पांच मार्च को 52 लोगों की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पीड़ितों का आरोप है कि सैकड़ों अन्य लोगों को भी विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपियों ने ठगी का शिकार बनाया है। चंदन चौधरी ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का रहने वाला है। वह गोरखपुर में नौकरी करता है और अब विदेश जाकर नौकरी करना चाहते था। वह काफी समय से ऑनलाइन नौकरी ढूंढ रहा था। इस दौरान सोशल मीडिया पर छवि भारद्वाज नामक महिला से उसकी मुलाकात हुई। छवि ने चंदन को दिल्ली के रोहिणी स्थित कार्यालय बुलाया और वहां दीपक भारद्वाज और अर्चना कटारिया मिले। आरोपियों ने उसे विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था।


## गुलजार बोले, साहित्य ही मेरी पहली खेती

**साहित्य उत्सव**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** साहित्य उत्सव में बुधवार को प्रसिद्ध सिने निर्देशक, लेखक और गीतकार गुलजार ने संवत्सर व्याख्यान दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरी पहली खेती साहित्य ही है। इसी के जरिये कुछ बोने और कुछ सोचने की कोशिश की थी।

साहित्य व सिनेमा के अंतर्संबंधों पर गुलजार ने कहा कि सिनेमा थोड़ा-थोड़ा इतिहास होता है। मैं इस इतिहास की परिभाषाएं समय-समय पर बदलने में विश्वास रखता हूं। उन्होंने सिनेमा की व्यापक पहचान और साहित्य से उसके गहरे रिश्ते के कई उदाहरण देते हुए अपनी बात रखी।

गुलजार ने कहा कि सिनेमा की उम्र 100 साल पुरानी है, जबकि साहित्य वर्षों पहले से लिखा जा जा रहा है। उन्होंने महाश्वेता देवी की कृति पर दिलीप कुमार के अभिनय वाली फिल्म संघर्ष की चर्चा और शेक्सपीयर की कृतियों पर बनी विशाल भारद्वाज की फिल्मों के जिक्र के साथ साहित्यितक कृतियों पर बनी फिल्मों के उदाहरण दिए। उन्होंने फिल्मों से जनता के जुड़ाव के बारे में कहा कि व्यक्ति सिनेमा को महसूस करता है और फिल्म देखते हुए रोते, हंसते और महसूस करते हैं। उन्होंने बताया कि राजेश खन्ना की आनंद फिल्म में जब उनकी मृत्यु होती है तो उस सीन में बस टेप चलता है। यह डायरेक्टर का निर्देशन था, लेकिन उसके लिए भी लोगों ने राजेश खन्ना को बधाई दी थी। इस तरह का जुड़ाव लोगों का फिल्मों के प्रति है। सुबह के सत्र में गुलजार ने मीर तकी मीर पर आधारित एक सत्र में भी अपनी बात रखी थी। उधर, कविताओं की लगातार चल रही श्रृंखला को लेकर एक विश्व रिकॉर्ड भी बना है।


साहित्य उत्सव में बुधवार को संवत्सर व्याख्यान में अपनी बात रखते गुलजार।

**मुश्किल** | डॉक्टर बोले, धूम्रपान करने वालों के कारण पथरी का खतरा सामान्य आबादी से दो गुना अधिक

## दूसरे की सिगरेट का धुआं किडनी पर भारी

**विश्व किडनी दिवस**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** घर, दफ्तर या कहीं बाहर अगर कोई सिगरेट पी रहा है और उसका धुआं आप तक भी पहुंच रहा है तो सावधान हो जाएं। आपकी सांसों से शरीर में पहुंचा यह धुआं किडनी में पथरी का कारण बन सकता है।

डॉक्टरों का कहना है कि जो लोग भले ही खुद धूम्रपान न करते हों, लेकिन लंबे समय तक दूसरों के बीड़ी-सिगरेट के धुएं के संपर्क में रहते हैं, उन्हें भी किडनी की बीमारी हो सकती है। सफदरजंग अस्पताल के किडनी रोग विभाग के प्रमुख डॉक्टर हिमांशु वर्मा ने कहा कि सिगरेट, बीड़ी या सिगार का धुआं जहरीला होता है। दूसरे लोग इसके संपर्क में आते हैं तो धुएं में मौजूद हानिकारक तत्व रक्तचाप बढ़ा देते हैं। इससे पहले दिल की बीमारी और फिर उसकी वजह से किडनी की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है।

**सामान्य से दोगुना खतरा :** धर्मशिला नारायणा अस्पताल के किडनी रोग विभाग के वरिष्ठ डॉक्टर एल के झा ने बताया कि पैसिव स्मोकिंग यानी दूसरों के धुएं के संपर्क में आने से शरीर में किडनी स्टोन हो सकता है। ऐसे लोगों में पथरी रोग का खतरा सामान्य आबादी से दो गुना अधिक है।

पैसिव स्मोकिंग की गिरफ्त में आने वाले व्यक्तियों के रक्त में धूम्रपान के कारण भारी तत्व तथा कैडमियम जैसे सूक्ष्म तत्व जमा होने लगते हैं। धीरे-धीरे सीरम कैडमियम बढ़ जाता है। साथ ही, सिगरेट के धुएं से प्लाज्मा में आर्जिनिन वैसोप्रेसिन का लेवल भी बढ़ जाता है। इस कारण मूत्र का प्रवाह कम हो जाता है। ऐसे में गंदगी जमा होने लगती है और बाद में यह स्टोन में परिवर्तित हो जाती है।

### इस तरह बच सकते हैं

- आप ऐसे वातावरण में बिल्कुल भी न रहें, जहां लोग धूम्रपान करते हैं
- ऐसे लोगों से दूरी बनाकर रखें जो सिगरेट, बीड़ी या अन्य किसी भी तरह का धूम्रपान करते हैं

### यूं रखें किडनी का ख्याल

- नियमित समय पर किडनी फंक्शन की जांच कराएं
- रक्तचाप और वजन को नियंत्रित रखना जरूरी
- बिना डॉक्टरों की सलाह के लंबे समय तक स्टेरॉइड या पेन किलर न लें

## मौत के बाद सात लोगों को नई जिंदगी दे गया अथर्व

**इनसे सीखें**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली के उत्तम नगर के रहने वाले अथर्व भटनागर की सड़क हादसे में जान चली गई थी। उसके अंगदान के निर्णय से सात लोगों को नई जिंदगी मिली है। परिजनों का कहना है कि हमारा अथर्व तो अब नहीं रहा, लेकिन उसके अंग दूसरे लोगों के शरीर में जिंदा रहेंगे।

आकाश अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख डॉक्टर नागेश चंद्रा ने बताया कि उत्तमनगर से अथर्व कहीं जा रहा था तो द्वारका के पास उसकी बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इसके बाद अथर्व को आकाश अस्पताल में भर्ती किया गया। हालांकि, काफी प्रयासों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका।

अथर्व की चाची पुष्पा जिंदल ने बताया कि उसके फेफड़े, लिवर, दिल और किडनी अन्य लोगों को प्रत्यारोपित की गई हैं। इससे उन्हें नई जिंदगी मिल गई है।


फेफड़े, लिवर, दिल और किडनी प्रत्यारोपित की गई

## कैंसर की नकली दवाओं के मामले में आठवां आरोपी धरा

**फॉलोअप**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नकली कैंसर दवा के निर्माण और आपूर्ति में शामिल गिरोह के एक अन्य आरोपी को बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया है। यह बिहार का नेटवर्क संभालता था। इस मामले में यह आठवीं गिरफ्तारी है।

आरोपी आदित्य कृष्ण ने आईआईटी बीएचयू से बीटेक की पढ़ाई की है। पुलिस अब इससे पूछताछ कर गिरोह के नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी एकत्र करने में जुटी है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, आरोपी आदित्य कृष्ण इस गिरोह में शामिल आरोपी नीरज चौहान से दवाइयां खरीदता था।

इसके बाद वह इन दवाइयों की पुणे और एनसीआर में सप्लाई करता था। इसने मुजफ्फरपुर में अपनी खुद की केमिस्ट शॉप भी खोल रखी है। गलत संगत में पड़ने के कारण कम वक्त में ज्यादा रुपये कमाने की चाहत में वह नकली दवाइयों की खरीद-फरोख्त के धंधे में लिप्त हो गया। पुलिस ने बताया कि 2-3 साल से कैंसर इंजेक्शन की शीशी में नकली माल भरकर उसे दोबारा बेचने का खेल चल रहा था। आरोपी कैंसर के महंगे ब्रांड के इंजेक्शन के नाम पर फर्जीवाड़ा करते थे।

### यीडा औद्योगिक पार्क भी विकसित करेगा

# नए सेक्टर बसाने के लिए लैंड बैंक बनाने की तैयारी

**योजना**

**695** करोड़ का बजट प्रस्तावित था, जिसके सापेक्ष में खर्च 640 करोड़ किया गया

**ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने बजट पारित होने के बाद नए सेक्टर बसाने के लिए लैंड बैंक बनाने की तैयारी तेज कर दी है। सितंबर में जेवर एयरपोर्ट से उड़ान भरना प्रस्तावित है। ऐसे में इसके आसपास के सेक्टरों में भी औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना है। इससे पहले प्राधिकरण अधिग्रहण की तैयारी कर रहा है।

प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-10 में पांच नए औद्योगिक पार्क विकसित करने की तैयारी है। इनमें लेदर फुटवियर पार्क, सामान और सहायक उपकरण पार्क, प्लास्टिक प्रसंस्करण पार्क, हथकरघा और इलेक्ट्रिक वाहन पार्क विकसित किए जाएंगे।

पांचों औद्योगिक पार्कों के लिए शासन से 243.9 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की स्वीकृति मिली है। यहां सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण केंद्र होंगे, इन्हें 500 एकड़ भूमि पर विकसित करने की घोषणा की गई थी। अब इन्हें सेक्टर-10 में 243 हेक्टेयर भूमि में विकसित किए जाने पर मंजूरी मिली है। इस परियोजना में 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है। वर्ष 2022-23 में भूमि अधिग्रहण के लिए 695 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित था, जिसके सापेक्ष खर्च 640 करोड़ रुपये किया गया।

#### कोरियन सिटी भी बसेगी

इस वर्ष जापानी व कोरियन सिटी बसाने का रास्ता भी साफ हो गया है। सेक्टर-4ए और 5ए में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। इस सिटी में जापानी और कोरियन कल्चर से जुड़े अस्पताल, मकान, दुकान और शिक्षण संस्थान होंगे।

> लैंड बैंक के लिए भू-अधिग्रहण प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। प्राधिकरण करीब आठ सेक्टरों में भूमि अधिग्रहण करेगा। इनमें नए औद्योगिक पार्क और आवासीय क्षेत्र विकसित किए जाएंगे।
>
> -डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ, यीडा

## हिंडन किनारे छह दुकानों में आग से अफरातफरी

**ग्रेटर नोएडा, संवाददाता।** ग्रेनो वेस्ट में हिंडन किनारे बनी दुकानों में बुधवार की सुबह अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। एक के बाद एक छह दुकानें आग की चपेट में आ गईं। इनमें रखा सभी सामान जलकर राख हो गया।

दमकल की टीम मौके पर पहुंची और एक ढाबे में रखे कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों को बाहर निकाला, जिससे बड़ा हादसा टल गया। 10 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

बिसरख कोतवाली क्षेत्र में हिंडन के किनारे अवैध मार्केट है। इनमें अधिकांश दुकानों में ढाबे चलाए जा रहे। पुलिस के मुताबिक बुधवार की सुबह एक ढाबे में आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। कुछ ही देर में आग दूसरी दुकानों तक पहुंच गई।

## थाना और हलका प्रभारी लाइन हाजिर

**ट्रांस हिंडन।** लूट को चोरी में दर्ज करने के मामले में शालीमार गार्डन थाना प्रभारी हरि मोहन दीक्षित और हलका प्रभारी शीशपाल भारद्वाज को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र ने एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम की रिपोर्ट पर बुधवार को कार्रवाई की।

शालीमार गार्डन क्षेत्र में रहने वाली अनीता से बाइक सवार बदमाशों ने नौ मार्च को मोबाइल लूटा था। दिनदहाड़े इस वारदात में बदमाशों ने विरोध करने पर अनीता को चलते ई-रिक्शा से धक्का दे दिया था। आरोप था कि उनकी लूट की तहरीर लेने के बजाय दोबारा शिकायत लिखवाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई।

# डिजिटल अरेस्ट रखकर दंपति से 11 लाख ऐंठे

**गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** साइबर अपराधियों ने दंपति को दो दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 11 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने शिकायत दी। वैभव खंड इंदिरापुरम स्थित पार्श्वनाथ मेजिस्टिक फ्लोर निवासी अंकुर श्रीवास्तव का कहना है कि नौ मार्च को उनके पास फोन आया।

कॉलर ने खुद को फेडेक्स इंटरनेशनल कुरियर की अंधेरी ईस्ट ब्रांच मुंबई में कार्यरत सुरेश बताया। कहा कि उनके नाम पर मुंबई से विदेश पार्सल भेजा जा रहा था, जिसमें कुछ अवैध पदार्थ कस्टम विभाग को मिला है। एक अन्य व्यक्ति ने खुद को मुंबई साइबर क्राइम में तैनात इंस्पेक्टर विक्रम सिंह बताया। उसने दंपति को डिजिटल अरेस्ट में रखकर डराया और ग्यारह लाख रुपये ऐंठ लिए।

**क्या होता है डिजिटल अरेस्ट :** साइबर अपराधी लोगों से रकम ऐंठने के लिए डिजिटल अरेस्ट तकनीक को अपना रहे हैं। साइबर अपरधी कॉल कर व्यक्ति को किसी भी अपराध में संलिप्त होने का आरोप लगाकर फंसाते हैं। जांच के नाम पर उन्हें ऑनलाइन माध्यम से वीडियो कॉल पर बने रहने को मजबूर करते हैं और जेल भिजवाने की धमकी देकर वसूली की जाती है। कैमरे के सामने दबाव बनाकर बैठाए रखने की प्रक्रिया को ही साइबर अपराध में डिजिटल अरेस्ट कहा जाता है।

## 22वीं मंजिल से कूदा छात्र, मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की इको विलेज-3 सोसाइटी में बुधवार को 22वीं मंजिल से कूदकर सातवीं कक्षा के छात्र ने जान दे दी। उसका गुरुवार को परीक्षा परिणाम में आने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बिसरख पुलिस के मुताबिक ईको विलेज-3 सोसाइटी में म्यूजिक शिक्षक जितेंद्र कुमार परिवार के साथ रहते हैं। जितेंद्र कुमार का 14 वर्षीय बेटा अंश नारायण एक स्कूल पढ़ता था। बुधवार शाम अंश सोसाइटी की 22वीं मंजिल पर पहुंचा और नीचे कूद गया। छात्र ग्राउंड फ्लोर पर लगी ग्रिल से टकराकर नीचे गिरा और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## वंदे भारत ट्रेन आज गुड़गांव से चंडीगढ़ जाएगी

**गुरुग्राम।** मिलेनियम सिटी से सीधे चंडीगढ़ जाने वाले यात्रियों के लिए गुरुवार को गुड़गांव स्टेशन से पहली बार वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होगा। सुबह 11:15 बजे वंदे भारत ट्रेन गुरुग्राम स्टेशन होते हुए वाया दिल्ली कैंट दोपहर 14:45 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। ट्रेन में गुड़गांव स्टेशन से चंडीगढ़ के लिए 975 रुपये का किराया निर्धारित किया है। एसी चेयर कार का टिकट 975 रुपये और एक्जीक्यूटिव चेयर कार का टिकट 1730 रुपये निर्धारित है।









प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आत्मनिर्भरता की ओर देश का बड़ा कदम

# भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनेगा

**भरोसा**


नई दिल्ली में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लोगों संबोधित करते पीएम नरेंद्र मोदी।

**धोलेरा/गुवाहाटी।** गुजरात और असम में बुधवार को तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार दूरदर्शी सोच और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। आज हम सेमीकंडक्टर क्षेत्र में विकसित देशों से प्रतिस्पर्धा करने की महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में जल्द ही वैश्विक शक्ति बनेगा।

मोदी ने देश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भारत वादा करता है, तो उसे पूरा भी करता है। उन्होंने कहा कि चिप निर्माण असीम संभावनाओं के द्वार खोलता है। आत्मनिर्भर बनने की दिशा में यह बड़ा कदम है।

प्रधानमंत्री ने कहा, दो साल पहले हमने एक सेमीकंडक्टर मिशन का ऐलान किया था। घोषणा की थी कि कुछ ही महीनों में हमने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। आज हम तीन परियोजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। भारत वादा करता है, तो उसे भी पूरा करता है। उन्होंने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण में पहले ही दशकों पीछे है, लेकिन अब एक भी पल नहीं गंवाएगा।

### वंचित वर्ग को मिला लाभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पीएम–सूरज राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग जैसे वंचित वर्गों के लोगों को मिला है।

### चिप का उत्पादन दिसंबर, 2026 में : वैष्णव

केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के धोलेरा संयंत्र से सेमीकंडक्टर का उत्पादन दिसंबर, 2026 से होने लगेगा। माइक्रोन संयंत्र से चिप दिसंबर, 2024 तक आएगी।

### रोजगार के मौके पैदा होंगे

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सेमीकंडक्टर संयंत्र चिप आपूर्ति करके चरणबद्ध तरीके से सभी क्षेत्रों को सेवाएं देंगे और आने वाले वर्षों में लगभग 72,000 रोजगार पैदा करेंगे।


# किसानों की आय बढ़ाएंगी समितियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि तीन नई सहकारी समितियां- एनसीओएल, एनसीईएल और बीबीएसएसएल जैविक खाद्य पदार्थों सहित कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाएंगी। साथ ही ये देश में खेती-बाड़ी की विभिन्न समस्याओं का हल करने में मदद करेंगी।

उन्होंने यहां वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर में तीन राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समितियों भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल), नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) और नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट लिमिटेड (एनसीईएल) के कार्यालय भवन का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही।

अमित शाह ने कहा कि एनसीओएल सहकारी अमूल के अलावा देश में जैविक खेती को बढ़ावा देगी। अमूल पहले ही बाजार में कई जैविक उत्पाद पेश कर चुकी है। जैविक उत्पादों का कुल वैश्विक बाजार 10 लाख करोड़ रुपये का है और भारत का जैविक उत्पादों का निर्यात केवल 7,000 करोड़ रुपये है। हम भारत के जैविक निर्यात को 70 हजार करोड़ रुपये तक बढ़ाना चाहते हैं। यह एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है लेकिन हम इसे हासिल करेंगे।

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि उनके घर में जैविक दाल, चावल और गेहूं के आटे का उपयोग किया जा रहा है। भारत में जैविक उत्पादों की खपत बढ़ेगी।



### जैविक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत


अमित शाह ने रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को हतोत्साहित करते हुए जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में हर जिले में जैविक खेती और उत्पादों को प्रमाणित करने के लिए एक प्रयोगशाला होगी।

## सीएसएस कर्मियों की पदोन्नति पर विचार

**नई दिल्ली, विसं।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय सचिवालय सेवा (सीएसएस) कर्मियों की लंबित पदोन्नति और कैडर रिव्यू की मांग पर विचार करने का भरोसा दिया है। सीएसएस अधिकारियों और कर्मियों की पदोन्नति कई सालों से लंबित है। विभिन्न स्तरों पर रिक्तियों की संख्या भी बढ़ रही है।

**नार्थ ब्लॉक में शांति मार्च निकाला:** अनुभाग अधिकारी से लेकर उपसचिव तक सैकड़ों अधिकारी पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। चुनावी मौसम में इस सेवा के अधिकारियों ने दबाव बढ़ाते हुए बुधवार को नार्थ ब्लॉक में शांति मार्च निकाला।

# एनसीसी में तीन लाख और कैडेट बनाए जाएंगे



**राजनाथ सिंह ने एनसीसी में रिक्तियों के प्रस्ताव को मंजूरी दी**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के लिए तीन लाख अतिरिक्त कैडेट रिक्तियों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस विस्तार से देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग के पूरा होने की उम्मीद है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, एनसीसी की 1948 में केवल 20 हजार कैडेट थे पर अब यह संख्या 20 लाख तक पहुंच जाएगी। यह विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एनसीसी को वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किया जा रहा है।

यह विस्तार राष्ट्र के भविष्य के मार्गदर्शकों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए युवाओं को प्रेरित व सशक्त करेगा।



### भारतीय नौसेना में दो नए पोत शामिल

**कोलकाता।** तटों के आस-पास समुद्र में पनडुब्बी रोधी अभियानों और कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों को बढ़ाने के लिए बुधवार को भारतीय नौसेना में दो नए पोत शामिल किए गए। भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी के मौजूदगी में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) द्वारा निर्मित दो पनडुब्बी रोधी युद्धपोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुए।

### पीड़िता को ईडब्ल्यूएस कोटे से घर मिलेगा

**मुंबई।** मुंबई में 26/11 आतंकवादी हमले की सबसे कम उम्र की पीड़िता देविका रोटवान को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) योजना के तहत आवास मुहैया कराया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय को यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ को यह जानकारी दी।

### भाजपा नेता की पत्नी पर हमला चिंताजनक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने कहा कि पश्चिम बंगाल के अल्तापुर गांव में भाजपा नेता की पत्नी पर हुआ हमला परेशान करने वाली घटना है। एनसीडब्ल्यू ने कहा, आयोग भाजपा के बूथ अध्यक्ष की पत्नी के खिलाफ हुए क्रूर हमले की रिपोर्ट से चिंतित है। हमलावरों ने कथित तौर पर उनके घर में तोड़फोड़ की। उनके बेटे व बेटी के साथ मारपीट भी की गई और उनके साथ हिंसा तथा छेड़छाड़ हुई।

### लाउडस्पीकर को लेकर विवाद में बस पर पथराव

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में एक मंदिर में लाउडस्पीकर की आवाज को लेकर दो समुदायों में झड़प हो गई। इस विवाद के बाद राज्य परिवहन की एक बस पर कथित तौर पर पथराव किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया, चिकलथाना इलाके में मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे हुई घटना के संबंध में कई लोगों के खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए हैं।

### पुलिसकर्मियों को जीएसटी में 50 प्रतिशत छूट

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से वस्तुओं की खरीद पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी पर 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। यह निर्णय एक अप्रैल 2024 से प्रभावी होगा। इस निर्णय से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, केंद्रीय पुलिस संगठनों और राज्य पुलिस बलों के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मियों तथा उनके परिवारों को लाभ मिलेगा।

### सेंथिल बालाजी की हिरासत 18 मार्च तक बढ़ी

**चेन्नई।** अदालत ने बुधवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की हिरासत अवधि 18 मार्च तक बढ़ा दी। उन्हें धनशोधन मामले में ईडी ने पिछले साल जून में गिरफ्तार किया था। द्रमुक नेता को केंद्रीय पुझल जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सत्र न्यायाधीश एस अली के समक्ष पेश किया गया। बालाजी की ओर से पेश वकील ने अपनी बात रखने के लिए समय मांगा।

### रिलीज के 48 घंटों के बाद फिल्म समीक्षा होगी

**कोच्चि (केरल)।** सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई नकारात्मक समीक्षा किसी फिल्म के संग्रह पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है या नहीं, इस पर काफी दिनों से बहस चल रही है। इसी बीच, केरल हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त एमिकस क्यूरी ने सिफारिश की है कि फिल्म की रिलीज के 48 घंटों के बाद उसकी समीक्षा की जाएगी।

### हेमा मालिनी को ब्रांड एंबेसडर बनाया जाए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के एक वरिष्ठ मंत्री ने डाक विभाग को अपनी निवेश और बचत योजनाओं में अधिक जमा प्राप्त करने के लिए अभिनेत्री हेमा मालिनी को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने का सुझाव दिया है। जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने मंगलवार को खंडवा में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) का उद्घाटन करते हुए यह सुझाव दिया।

# आयकर नोटिस मामले में कांग्रेस को राहत नहीं

- हाईकोर्ट ने कहा कि आईटीएटी के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें 100 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया कर की वसूली के लिए कांग्रेस पार्टी को आयकर विभाग की ओर से जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने कहा कि आईटीएटी के आठ मार्च के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है। पीठ ने गत मंगलवार को कांग्रेस और आयकर विभाग की दलीलों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कांग्रेस ने आयकर विभाग की तरफ से 13 फरवरी को जारी वसूली नोटिस पर आईटीएटी द्वारा रोक लगाने से इनकार करने के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था।

आकलन अधिकारी के मुताबिक वर्ष 2018-19 के लिए पार्टी की आय 199 करोड़ रुपये से अधिक थी। इसके आधार पर 100 करोड़ रुपये से अधिक कर की मांग की।

कांग्रेस के वकील ने पीठ से आग्रह किया था कि उसे राहत दी जाए अन्यथा पार्टी धराशायी हो जाएगी। आयकर विभाग के वकील ने पीठ को सूचित किया था कि मूल कर मांग 102 करोड़ रुपये थी। ब्याज सहित यह बढ़कर 135.06 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा कि अब तक 65.94 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। पीठ ने स्थगन आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि उन्हें लगता है कि अधिनियम की धारा 226(3) के तहत 13 फरवरी 2024 को मूल्यांकन अधिकारी द्वारा जारी वसूली नोटिस में तथ्यों की कमी है, जिससे हमें हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है। पार्टी ने कहा था कि न्यायाधिकरण द्वारा लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उसके खातों से लेनदेन पर रोक लगाना लोकतंत्र पर हमला है।

# नायब सरकार ने विश्वास मत हासिल किया

**हरियाणा**

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने बुधवार को विधानसभा में ध्वनि मत के माध्यम से विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास मत पर सदन में करीब दो घंटे तक चर्चा हुई।

जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने अपने सभी दस विधायकों को व्हिप जारी कर विश्वास मत पर मतदान के दौरान सदन से अनुपस्थित रहने के लिए कहा था। विश्वास मत पर चर्चा शुरू होने पर सदन में मौजूद पार्टी के पांच विधायक विधानसभा से बाहर चले गए। हरियाणा विधानसभा में सदस्यों की संख्या 90 है। भाजपा के 41 सदस्य हैं जबकि उसे छह निर्दलीय एवं हरियाणा लोकहित पार्टी के एकमात्र विधायक गोपाल कांडा का भी समर्थन प्राप्त है। बहुमत साबित करने के लिए 46 सदस्यों की ही जरूरत होती है।

विधानसभा में जजपा के दस विधायक हैं जबकि मुख्य विपक्षी कांग्रेस के 30 और इंडियन नेशनल लोकदल का एक विधायक है। वहीं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा की।


चंडीगढ़ में बुधवार को विधानसभा के विशेष सत्र में बोलते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

# निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर सुनवाई कल

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार द्वारा पिछले साल बनाए गए कानून पर रोक लगाने की मांग पर जल्द सुनवाई के लिए सहमति दे दी है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि 15 मार्च को इस मामले की सुनवाई की जाएगी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निर्वाचन आयोग को 'राजनीति और कार्यपालिका' के हस्तक्षेप से दूर रखने के आधार पर मामले की जल्द सुनवाई के लिए सहमति जताई। इससे पहले, पीठ के समक्ष गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' यानी एडीआर की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने इस मामले का उल्लेख करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की।

इसके बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि 'मुझे अभी मुख्य न्यायाधीश से संदेश मिला है कि इसे मामले को शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाए। इससे पहले, अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने मंगलवार को शीर्ष न्यायालय की पीठ के समक्ष इस मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग की थी।

## दो जज के तबादले की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट के दो जज को कर्नाटक और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने की सिफारिश की।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले पांच-सदस्यीय कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव के किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने के अनुरोध पर उन्हें कर्नाटक हाईकोर्ट में स्थानांतरित कर दिया। इसी तरह दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा के किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने के अनुरोध पर उन्हें मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने की सिफारिश का निर्णय लिया है।

# पिटबुल जैसी नस्लों पर रोक लगे

**सुझाव**

- केंद्र सरकार ने राज्यों को लिखा पत्र
- कुत्तों की ऐसी नस्लें इंसानों के लिए खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों पूरे देश से पालतू कुत्तों के द्वारा लोगों पर हुए हमलों से जुड़े कई ऐसे मामले आए, जो चिंता पैदा करने वाले हैं। इन घटनाओं में कई मौतें भी हुई हैं।

इसके मद्देनजर केंद्र सरकार ने रोटवीलर, पिटबुल, टेरियर, वुल्फ कुत्तों और मास्टिफ जैसी कई नस्लों के कुत्तों को पालने, प्रजनन और इनकी बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया है। क्योंकि यह इंसान की जिंदगी के लिए खतरा हैं। यह प्रतिबंध मिश्रित और क्रॉस सभी नस्लों पर लागू होगा।

राज्यों को लिखे पत्र में, पशुपालन और डेयरी विभाग ने स्थानीय निकायों से ऐसे कुत्तों की बिक्री और प्रजनन के लिए कोई लाइसेंस या परमिट नहीं जारी करने की गुजारिश की है।

यह सलाह एक्सपर्ट्स और पशु कल्याण निकायों की एक कमेटी की रिपोर्ट के बाद आई है, जिसे दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद बनाया गया था। विभाग ने कहा कि इन नस्लों के कुत्तों को, जिन्हें पहले से ही पालतू जानवर के रूप में रखा गया है, आगे प्रजनन रोकने के लिए उनकी नसबंदी की जाएगी। इन पहचानी गई नस्लों (मिश्रित और क्रॉस) में पिटबुल, टेरियर, टोसा इनु, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रासीलीरो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोसबोएल, कांगल, मध्य एशियाई शेफर्ड डॉग, कोकेशियान शेफर्ड डॉग, दक्षिण रूसी शेफर्ड डॉग और टॉर्नजैक शामिल हैं।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरप्लैनिनैक, जापानी टोसा और अकिता, मास्टिफ्स, रॉटवीलर, टेरियर्स, रोडेशियन रिजबैक, वुल्फ डॉग्स, कैनारियो, अकबाश, मॉस्को गार्ड, केन कोरसो और बैंडोग के नाम से जाना जाने वाला कुत्ता भी इसके अंतर्गत आएगा। केंद्र ने राज्यों से स्थानीय निकायों, राज्य पशु कल्याण बोर्डों द्वारा पशु क्रूरता निवारण नियम 2017 और पशु क्रूरता निवारण नियम 2018 को सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है।

श्रद्धांजली सभा एवं उठावनी



अत्यंत दुःख के साथ, हम अपनी प्रिय माता जी
**श्रीमती शशि गोयल**
के दुखद निधन की सूचना देते हैं, जो बुधवार, 13 मार्च, 2024 को स्वर्गीय निवास के लिए चले गए।

**उठावनी**
**गुरुवार, 14 मार्च , 2024 सुबह 10 बजे को होगी**
**गुरु जम्भेश्वर संस्थान भवन**
**सिविल लाइन्स दिल्ली 110054**

शोक संतप्त परिवार

प्रवीन & मीनाक्षी गोयल (9811229585) | रितेश & रितु गोयल (9891183211) | पवन & प्रीति अग्रवाल
वृंदा गोयल , विभोर अग्रवाल, कुणाल गोयल , तनिष्का गोयल, नवनिधी गोयल

# अहमदनगर अब अहिल्यादेवी नगर

**फैसला**

**मुंबई (महाराष्ट्र), एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र सरकार ने एक और जिले का नाम बदल दिया है। बुधवार को कैबिनेट ने राज्य के अहमदनगर जिले का नाम बदलकर पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी नगर रखने की मंजूरी दे दी। अब इस जिले को पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी नगर के नाम से जाना जाएगा।

इससे पहले औरंगाबाद का नाम संभाजी नगर और उस्मानाबाद का नाम धाराशिव किया जा चुका है। वहीं, राज्य सरकार ने मुंबई के आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का भी फैसला लिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट में भायंदर से लेकर विरार तक सी लिंक बनाने को लेकर मंजूरी मिल गई। इसके अलावा लंबे समय से धरने पर बैठे आशा कर्मचारी को सरकार ने होली से पहले बड़ा तोहफा दिया है। शिंदे सरकान ने उनके मासिक वेतन में पांच हजार रुपये की बढ़ोतरी का ऐलान किया है।

**महाराष्ट्र कैबिनेट ने नई मराठी भाषा नीति को मंजूरी दी :** महाराष्ट्र कैबिनेट ने बुधवार को नई मराठी भाषा नीति को मंजूरी दे दी। इसका उद्देश्य इसे अगले 25 वर्षों में ज्ञान अधिग्रहण और रोजगार की भाषा के रूप में स्थापित करना है।

### ऐसे पड़ा अहमदनगर नाम

अहमदनगर जिला मलिक अहमद के नाजिम शाही राजवंश (1494–1600) के दौरान अस्तित्व में आया। राजवंश के संस्थापक मलिक अहमद ने सन् 1940 में अपने नाम पर 'अहमदनगर' शहर का बसाया। उन्होंने इसे अपनी राजधानी बनाई। मलिक अहमद ने इस शहर को आर्थिक और सांस्कृतिक शहर में बदल दिया।

### अहिल्याबाई की जन्मस्थली

रानी अहिल्याबाई होलकर का जन्म अहमदनगर (महाराष्ट्र) जिले के चौंडी गांव में 31 मई 1725 को हुआ था। वे मालवा साम्राज्य की महारानी थीं। लोग जिले का नाम बदलने की मांग कर रहे थे। पिछले साल मई में अहिल्याबाई की 298वीं जयंती पर सीएम एकनाथ शिंदे ने अहमदनगर का नाम देवी अहिल्याबाई करने की घोषणा की थी।

## कैफे विस्फोट में एक को हिरासत में लिया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच कर रही एनआईए ने बेल्लारी जिले से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि व्यक्ति की मुख्य संदिग्ध के साथ कुछ समानता है। एनआईए के अधिकारी यह जानने के लिए उससे पूछताछ कर रहे हैं कि एक मार्च को जब विस्फोट हुआ तब वह कहां था।

टोपी और मास्क पहने आरोपी ने एक मार्च को यहां व्हाइटफील्ड के निकट ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित भोजनालय में एक बैग रखा था, जिसमें कम तीव्रता वाला बम था। इस विस्फोट में नौ लोग घायल हुए थे।

# सीबीआई ने शाहजहां शेख के भाई को बुलाया

**संदेशखाली मामला**

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में 5 जनवरी को ईडी के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के संबंध में पूछताछ हेतु सीबीआई ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के भाई और उनके करीबी कुछ अन्य लोगों को पूछताछ के लिए समन जारी किया।

सीबीआई की एक टीम उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली गई और स्थानीय पुलिस की मदद से शाहजहां के भाई आलमगीर शेख के घर पहुंची। आलमगीर घर पर मौजूद नहीं थे और पूछताछ के लिए नोटिस उनके परिवार को दे दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि नोटिस शाहजहां के कुछ अन्य करीबी लोगों को भी भेजा गया है। वहीं, एक अन्य स्थानीय पंचायत नेता के परिवार के सदस्य ने भी नोटिस प्राप्त होने की पुष्टि की है। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया गया था। जांच एजेंसी जांच के तहत कई लोगों से पूछताछ करना चाहती है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश पुत्र कासिम,** निवासी रफीकाबाद पाली का मकान, डासना, गाजियाबाद, यू.पी. दिल्ली ने **FIR No. 129/19 U/s 380/411 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **विवेक विहार,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आकाश** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 129/19 U/s 380/411 IPC.,** थानाः **विवेक विहार,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.05.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**प्रीति परेवा, CMM,**
कड़कड़डूमा कोर्ट, शाहदरा, दिल्ली

DP/2803/SHD/2024

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नाम** : नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **निवासीः** नामालूम **उम्र** : लगभग 25–30 साल, **कद** : 5'7", **रंग** : गेहुंआ, **चेहरा** : अण्डाकार, **शरीर** : पतला, **चोट** : सर पर चोट है, **कपड़े** : लाल व काले रंग की चेक टी–शर्ट और आसमानी नीले रंग की जीन्स पहने हुए है, जो दिनांक 08.03.2024 को इलेक्ट्रिक पोल किमी 09/24 – 09/22 के बीच, डाउन लाइन, दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन के निकट, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया है। इस संदर्भ में डीडी संख्या 27ए दिनांक 08.03.2024 थाना दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्ष :**
**थाना दिल्ली कैंट**
**रेलवे स्टेशन, दिल्ली**

DP/2909/RLY/2024 दूरभाष सं. **011-25688505, 8750871309**

**सुविधा** | ई-टिकट बुकिंग वेबसाइट आईआरसीटीसी पर नई ऑटो आईपे सिस्टम शुरू

# रेल टिकट बुक होने के बाद ही कटेगा पैसा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे की वेबसाइट आईआरसीटीसी में ऑटोपे सुविधा शुरू की है। इस पेमेंट गेटवे में टिकट बुक होने के बाद ही यात्री के बैंक खाते से पैसा कटेगा।

यदि बुकिंग फेल होती है तो अनिवार्य सुविधा चार्ज काटकर शेष धनराशि यात्री के खाते में कुछ घंटों में वापस आ जाएगी। वर्तमान में ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था में टिकट बुक नहीं होने पर भी खाते से पैसा कट जाता है और खाते में पैसा आने में 24 घंटे से कई हफ्तों का समय लगता है।



**10** फीसदी यात्रियों के खाते से टिकट बुक हुए बिना ही कट जाता है पैसा

### इस तरह करनी होगी ई-टिकट बुक

ई–टिकट बुकिंग करते समय वेबसाइट पर आईपे आइकॉन पर क्लिक करना होगा। यहां पर नया पेज खुलेगा जहां ऑटोपे, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, आईआरसीटीसी मुद्रा वॉवेट, नेट बैंकिंग के विकल्प मौजूद होंगे। इसमें रेल यात्री को ऑटोपे विकल्प को चुनाना होगा। ऑटोप विकल्प के भीतर यात्री को तीन यूपीआई, केडिट कॉर्ड व डेबिट कार्ड से भुगतान करने का विकल्प मिलेगा।

### क्या है विशेष

नए ऑटोपे में टिकट बुक होने के बाद ही यात्री के बैंक खाते से पैसा कटेगा। तकनीकी त्रुटिवश यदि टिकट बुकिंग रद होने पर पैसा कटता है तो कुछ घंटों में खाते में पैसा वापस आ जाएगा।

### 15 लाख बुकिंग

रेलवे के आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन 15 लाख रेल यात्री ई-टिकट बुकिंग कराते हैं। इसमें पांच से 10 फीसदी यात्रियों के खाते से टिकट बुक हुए बिना ही पैसा कट जाता है।

विज्ञापन

# डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड

## प्रगति की ओर अग्रसर



“ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम अपने राज्य के समग्र विकास, यहां की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य की प्रगतिशील नीतियों और रणनीतिक पहल के माध्यम से हम आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचे में सुधार करने और नागरिकों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बेहतर की दिशा में अग्रसर हैं। हमारा लक्ष्य उत्तराखण्ड को प्रगति का एक मॉडल बनाना है जहां परंपरा और नवीनता का संगम होता है और जहां हर व्यक्ति राज्य की समृद्धि और कल्याण के लिए कार्य कर विकास में योगदान देता है।

**पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड विशेषकर बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध है और उनकी यात्राओं और इन प्रमुख तीर्थ स्थलों के विकासकार्यों के लिए किए गए दूरदर्शी प्रयासों में साफ देखा जा सकता है**

## बद्रीनाथ और केदारनाथ से मिल रहा आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा

सुरम्य उत्तरी राज्य उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां भक्तों और आगंतुकों को समान रूप से आकर्षित करने वाले विभिन्न स्थलों में से एक बद्रीनाथ और केदारनाथ है। यहां श्रद्धालु व भक्त शांति का अनुभव करने के लिए आते हैं। इन पवित्र स्थानों को पुनर्स्थापित करने और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए यहां की संभावनाओं का सामने लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष रुचि दिखाई हैं। उनके दिशा-निर्देशन व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरी समर्पण और प्रतिबद्धता से उत्तराखण्ड में परिवर्तनकारी कार्यों पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड के बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध को हम सबने देखा है। यह बात उनकी यात्राओं और इन प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों के उत्थान के लिए दूरदर्शी प्रयासों से स्पष्ट झलकता है। बाबा केदार के प्रति उनकी श्रद्धा, केदारनाथ धाम की समय-समय पर यात्राओं के माध्यम से प्रदर्शित होती है। यह इस क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनके समर्पण को भी उजागर करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महात्वकांक्षा बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देकर उत्तराखंड को विश्व पटल पर लाने की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दृष्टिकोण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण है, जो प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की शुरुआत से ही उनके दिल के करीब रहा है। 2013 की विनाशकारी बाढ़ के बाद केदारनाथ के पुनरुद्धार की आवश्यकता पर उन्होंने जोर दिया।



ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि पुनर्निर्माण ऐसा होना चाहिए, जिससे धाम की प्रतिभा और दिव्यता को पूर्ण रूप में प्रदर्शित किया जा सके। इसमें आदि गुरू शंकराचार्य की प्रतिमा के निर्माण से लेकर प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन करने तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रणनीति केदारनाथ की पवित्रता बनाए रखने के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है।

**उत्तराखण्ड के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों ने उसके पूर्व गौरव को बढ़ा दिया है, जो दुनिया भर से तीर्थ यात्रियों को राज्य की ओर आकर्षित कर रहा है**

इसके अलावा, उत्तराखण्ड के आध्यात्मिक बुनियादी ढांचे के समग्र विकास को धरातल पर उतारने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक प्रयास अब केदारनाथ और उसके आगे के क्षेत्रों तक फैल चुके हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान जैसी परियोजनाएं, बद्रीनाथ को एक स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी शहर में बदलने के प्रयास को दर्शाती हैं। दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर और ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना भी इन पवित्र स्थलों तक कनेक्टिविटी और पहुंच में सुधार प्रधानमंत्री के समर्पण को उजागर करती है। इन प्रयासों के चलते उत्तराखण्ड में आध्यात्मिक पर्यटन और तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। ऑल वेदर रोड परियोजना, जिसे चारधाम सड़क परियोजना के रूप में भी जाना जाता है, यह उत्तराखण्ड के चार धामों को जोड़कर भक्तों और आगंतुकों के लिए निर्बाध यात्रा को संभव बनाने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है। इसी तरह से ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, अपनी उद्यमशीलता और सरल तकनीक के साथ केदारनाथ और आस-पास के क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार करने के लिए संकल्पित है। केदारनाथ और बद्रीनाथ का महत्व जितना आध्यात्मिक है, उतना ही यह अपनी प्राकृतिक सौन्यता के लिए भी विश्व स्तर पर श्रृद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करता है। हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों के बीच स्थित केदारनाथ 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक के रूप में प्रसिद्ध है। यह प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा का अहम पड़ाव भी है। यहां के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ जुड़े पुनर्निर्माण उपायों ने केदारनाथ को उसका पुराना गौरव पाने में मदद की है, जिससे दुनिया भर से तीर्थयात्री आकर्षित होकर यहां आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन से केदारनाथ में नए विकास पर बल दिया जा रहा है। आदि गुरू शंकराचार्य की प्रतिमा के अनावरण से लेकर सरस्वती रिटेनिंग वॉल और तीर्थ पुरोहित घरों जैसी आवश्यक परियोजनाओं का उद्घाटन करने तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए समर्पण का प्रतीक है। केदारनाथ के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव, उनकी सच्ची बातें श्रृद्धालुओं बीच गूंजती हैं और इन धार्मिक स्थानों के महत्व को विस्तार देती हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऐसे उद्यमों का परिवर्तनकारी प्रभाव बुनियादी ढांचे के विकास से आगे बढ़ता है, जिससे उत्तराखण्ड में समावेशी विकास और पर्यटन को बल मिलता है। नीतिगत प्रोत्साहन और क्षेत्रीय प्राथमिकता, विशेष रूप से पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा पर उनके फोकस ने उत्तराखण्ड को निरंतर विकास करने वाले अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया है। बुनियादी ढांचे के विस्तार में राज्य की प्रगति और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के प्रति उनके समर्पण ने न केवल अर्थव्यवस्था को बल दिया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया है। बद्रीनाथ और केदारनाथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अटूट आस्था ने उत्तराखण्ड में आध्यात्मिक पर्यटन के पुनरुद्धार को प्रेरित किया है। दूरदर्शी प्रयासों और नए विकास कार्यों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन धार्मिक स्थानों को पुनर्स्थापित कर समृद्धि और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हाल के वर्षों में हासिल की गई अविश्वसनीय उपलब्धियों के लिए उत्तराखण्ड सरकार को हार्दिक बधाई देता हूं। यह सराहनीय प्रगति पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उन्नत क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ रणनीतिक दृष्टिकोण का उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार, सतत विकास के लिए बेहतर मानक स्थापित होते देखकर मुझे खुशी होती है। अपने प्राकृतिक संसाधनों और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तराखण्ड की रणनीति न केवल इसकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है, बल्कि वैश्विक स्तर पर क्षमता को भी प्रदर्शित करती है। मैं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य के समर्पण की प्रशंसा करता हूं और आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति की भी आशा करता हूँ।



“ मैं पिछले कुछ वर्षों में हुई उल्लेखनीय प्रगति के लिए उत्तराखण्ड सरकार को बधाई देता हूं। ऐसा निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देने के चलते संभव हुआ है। इसके साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और सतत विकास के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। प्राकृतिक संसाधनों के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने की उत्तराखण्ड की प्रतिबद्धता ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान किया है, बल्कि वैश्विक मंच पर क्षमता को भी प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के प्रति राज्य के समर्पण की सराहना करता हूं और आने वाले वर्षों में निरंतर सफलता की आशा करता हूं।

**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

## वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा उत्तराखण्ड

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्ग दर्शन में उत्तराखण्ड दुनिया के सबसे बेहतरीन वेडिंग डेस्टिनेशन में से एक बनकर उभर रहा है**

देश के उत्तरी क्षेत्र में हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व, सुंदर पहाड़ियों और समृद्ध सांस्कृति क विरासत के लिए जाना जाता है। इसे देवताओं की भूमि या 'देवभूमि' के रूप में भी जाना जाता है। यही कारण है कि उत्तराखण्ड श्रृद्धालुओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों में से एक के रूप में जाना जाता है। हालांकि, राज्य ने पिछले कुछ वर्षों में बड़े बदलाव देखे हैं, जो इसे एक आध्यात्मिक गंतव्य के तौर पर विकसित कर रहे हैं। इसके साथ ही हाल के वर्षों में डेस्टिनेशन वेडिंग काफी ट्रेंड में रही है और इस दिशा में भी उत्तराखण्ड किसी से पीछे नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उत्तराखण्ड डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए सबसे तेजी से उभरते राज्यों में एक बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ विवाह स्थल बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विचार राज्य की असीम संभावनाओं में उनके विश्वास को दर्शाता है। दिसंबर 2023 में देहरादून में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को 'वेड इन इंडिया' अभियान शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया था। इस दौरान उन्होंने संपन्न परिवारों से अपने विवाह के लिए उत्तराखण्ड को डेस्टिनेशन के रूप में चुनने का आह्वान किया था। अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के चलते उत्तराखण्ड एक आदर्श विवाह स्थल के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। नैनीताल की शांत झील से लेकर औली की बर्फ से ढकी पहाड़ियों तक राज्य का हर भू-भाग करिश्माई आकर्षण का अनुभव कराता है। जो लोग अपने विवाह को अविस्मणीय अनुभव देना चाहते हैं, वे अपने वैवाहिक समारोहों की मेजबानी टिहरी की शांत झील, मसूरी की खूबसूरत पहाड़ियों या हरिद्वार के प्राचीन मंदिरों में कर सकते हैं। जो बातें उत्तराखण्ड को शादियों के लिए एक अद्वितीय गंतव्य बनाती है,



वह न केवल इसके आश्चर्यजनक स्थल हैं, बल्कि इसकी समृद्ध विरासत और जीवंत संस्कृति भी हैं। राज्य में आयोजित होने वाली शादियां केवल एक समारोह से कहीं बढ़कर होते हैं। ऋषिकेश के आध्यात्मिक वातावरण से लेकर त्रियुगीनारायण की पवित्र ज्योति तक हर स्थान राज्य की सांस्कृतिक छवि की एक अनूठी झलक देखने को मिलती है। साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी की धारणा एकजुटता के उत्सव से कहीं बढ़कर है। वह राज्य में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करके स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और उत्तराखण्ड के लोगों के जीवन का स्तर बेहतर बनाने के लिए तत्पर हैं। इससे आगंतुकों की आमद और निवेश की संभावनाओं से रोजगार पैदा करने, बुनियादी ढांचे को समृद्ध बनाने और समग्र विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

डेस्टिनेशन वेडिंग के आयोजन के लिए उत्तराखण्ड में त्रियुगीनारायण, ऋषिकेश, जोशीमठ, शांति कुंज हरिद्वार, स्वर्ण मंदिर, चकराता, हर्षिल, देहरादून, कनाताल, मसूरी, औली, टिहरी झील, रामनगर, नरेंद्रनगर, ब्रह्मताल, नैनीताल, अल्मोडा, रानीखेत, भीमताल, रामगढ़, मुक्तेश्वर, रानीगढ़, नौकुचियाताल, और घोड़ा खाल आदि प्रसिद्ध स्थलों में शामिल हैं।

डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखण्ड को सर्वोच प्राथमिकता देने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण उन सभी चीजों को बढ़ावा देता है, जो इस राज्य को उन्नत बनाती हैं। उत्तराखण्ड पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक राज्य बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। यहां पर्यटक, रोमांच और उद्यम राज्य की ओर आकर्षित हो रहे हैं क्योंकि उत्तराखण्ड सर्वोत्तम योगाभ्यास,

## धार्मिक वैभव को पुनर्जागृत करता मानसखंड मंदिर माला मिशन

**'मानसखंड मंदिर माला मिशन' के हृदय स्थल के रूप में यहां के 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित किया जा रहा है। इसमें कुमाऊं के विभिन्न जिलों में फैले 16 पौराणिक मंदिरों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।**



उत्तराखण्ड कई प्राचीन मंदिरों और पवित्र स्थलों की भूमि है। यही कारण है कि यह देवभूमि के रूप में विश्वविख्यात है। ये मंदिर कुमाऊं क्षेत्र में फैले हुए हैं और लंबे समय से आस्था और भक्ति के प्रतीक के रूप में लोगों के दिलों में बसे हैं। यहां दुनिया के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है। उत्तराखण्ड की वादियों में स्थित ऐसे मंदिरों तक भक्तों और श्रद्धालुओं की पहुंच बनाने को लेकर धामी सरकार विशेष प्रयास कर रही है। प्रदेश के ऐसे कई धार्मिक स्थलों, जिनके बारे में भक्तों को ज्ञात नहीं है, उनकी भव्यता से साक्षात्कार कराने के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर करने की दिशा में काम किए जा रहे हैं। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन मंदिरों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझते हैं और मंदिरों के वास्तुशिल्प चमत्कारों को पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने के लिए 'मानसखंड मंदिर माला मिशन' के तहत एक दूरदर्शी पहल शुरू की है। इस प्रयास का मूल 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित करना है, जिसमें कुमाऊं क्षेत्र के विभिन्न जिलों में फैले 16 मंदिरों पर विशेष जोर दिया गया है। सैकड़ों वर्षों से आस्था का केंद्र रहे ये मंदिर अब बड़े परिवर्तन का साक्षी बनने को तैयार हैं, उनकी पहुंच और भव्यता में सुधार के लिए बुनियादी ढांचे में विकास की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विजन केवल भौतिक नवीनीकरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एक समग्र रणनीति भी शामिल है, जिसमें उन्नत सड़क कनेक्टिविटी, आतिथ्य और आवास सेवाएं और संरक्षण जैसी बातें शामिल हैं।





गिरिजा देवी मंदिर

मानसखंड मंदिर माला मिशन के प्रतिष्ठित स्थलों तक सड़क कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहते हैं कि मानसखंड की परिकल्पना के तहत आने वाले जितने भी धार्मिक स्थल और पर्यटक स्थल हैं, उन्हें अच्छी कनेक्टिविटी देने पर हमारा ध्यान केंद्रित है। राज्य में तीर्थयात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देने में निर्बाध परिवहन नेटवर्क की भूमि का अहम है। इन मंदिरों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। तीर्थयात्रा के दौरान सुविधा के साथ-साथ बेहतर सड़क व अन्य बुनियादी ढांचा के विकास से इन स्थलों में रहने वाले स्थानीय निवासियों के लिए भी आर्थिक संभावनाएं बनेंगी। पारंपरिक आध्यात्मिकता के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं का विकास मानसखंड मंदिर माला मिशन के लिए अहम है। मुख्यमंत्री धामी चाहते हैं कि यह कार्य सिर्फ बुनियादी ढांचे के विकास तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से भक्तों और आगंतुकों को विशेष सुविधाएं प्रदान करना भी हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए आसपास के स्थानों के विस्तार और आतिथ्य सेवाओं के प्रावधान के लिए बजट का आवंटन किया गया है और यह पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में उत्तराखण्ड सरकार की प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है। इस कार्य को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री धामी ने जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनसे मानसखंड मंदिर माला मिशन के काम पर समर्थन मांगा। बैठक में उन्होंने मानसखंड मंदिर माला मिशन के उद्देश्यों और अनिवार्यताओं पर प्रकाश डाला। इस मिशन की सफलता ने आवश्यक संसाधन जुटाने के उनके संकल्प को दर्शाया है। साथ ही, उत्तराखण्ड के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को बढ़ावा देने में भी इस पहल की महत्वता बढ़ने वाली है।

### मानसखंड एक्सप्रेस

मानसखंड एक्सप्रेस मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत शुरू की जा रही एक विशेष ट्रेन सेवा है, जो कोलकाता को टनकपुर से जोड़ेगी। लंबी दूरी की इस ट्रेन की सेवा 15 अप्रैल से शुरू होने वाली है और यह कुमाऊं क्षेत्र के मंदिरों और देशभर के भक्तों के बीच एक मजबूत संबंध के रूप में कार्य करेगी। मानसखंड एक्सप्रेस स्थानीय और क्षेत्रीय परिवहन सेवाओं से युक्त होगी और आतिथ्य सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा, राज्य की विरासत और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए उत्तराखण्ड सरकार का अपने ऐतिहासिक स्थलों और मंदिरों के संरक्षण और उन्नति के लिए प्रतिद्धता के साथ काम कर रही है। इसके लिए विरासत अधिनियम बनाने के उपाय किए गए हैं। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत मान्यता प्राप्त 16 मंदिरों में से प्रत्येक के लिए अलग-अलग मास्टर प्लान तैयार किए गए हैं और इनके माध्यम से सरकार उनके संपूर्ण पुनरुद्धार कर रही है। एक सहकारी मिशन के तहत विभिन्न विभागों और प्रभागों का संगम इस प्रयास को आगे बढ़ा रहा है। जैसे-जैसे मानसखंड मंदिर माला मिशन गति पकड़ रहा है, यह न केवल धार्मिक स्थलों को पुनर्स्थापित करने बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी सुनिश्चित कर रहा है। उत्तराखण्ड की परंपरा और आधुनिकता, आध्यात्मिकता और बुनियादी ढांचे के विस्तार का बेहतर संयोजन निश्चित रूप से उत्तराखण्ड के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को दर्शाता है। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन, देश के भविष्य को आकार देने के लिए दूरदर्शी नेतृत्व की क्षमता का एक भी अप्रतिम उदाहरण है।




# पेपर लीक में शामिल थे डॉक्टर और हेड कांस्टेबल

**पुलिस भर्ती**

मेरठ, मुख्य संवाददाता। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने के मामले में एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने एक आरोपी को हरियाणा के जींद से गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी ने खुलासा किया कि पेपर लीक कराने में दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल, आईटी कंपनी के एक कर्मी और एमबीबीएस पास कर चुके युवक की भूमिका है। यह भी बताया कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर 16 फरवरी को ही लीक करा लिया गया था और मानेसर के एक रिसोर्ट में करीब एक हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों को इसे पढ़ाया गया था। एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा 2024 में पेपर लीक कराने वाले गैंग के छह सदस्यों की गिरफ्तारी 5 मार्च को की थी। पूछताछ में हरियाणा के जींद निवासी एक आरोपी महेंद्र का कनेक्शन सामने आया था, जिसके मोबाइल से आरोपियों को पेपर भेजा गया था। मंगलवार को एसटीएफ ने आरोपी महेंद्र शर्मा को जींद से गिरफ्तार कर लिया।



18 फरवरी को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर को मानेसर के रिसोर्ट में16 फरवरी को ही पढ़ाया जा रहा था। हालांकि 'हिन्दुस्तान' इस वायरल तस्वीर की पुष्टि नहीं करता है।

## भर्ती परीक्षा के आरोपियों की 25 करोड़ की संपत्ति चिह्नित

■ निशांत कौशिक

नोएडा, मुख्य संवाददाता। एसटीएफ ने पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने वाले आरोपियों की संपत्ति को जब्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। एसटीएफ नोएडा की टीम ने मामले में गिरफ्तार 20 आरोपियों की 25 करोड़ से अधिक की संपत्ति यूपी, हरियाणा और दिल्ली में चिह्नित की है।

टीम ने इसका ब्योरा फर्द में शामिल करने के साथ ही उसके संबंध में विस्तृत रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय को भेज दी है। एसटीएफ के अधिकारियों का दावा है कि आरोपियों ने यह संपत्ति अपराध के जरिये कमाये धन से बनाई है। इनकी गिरफ्तारी नोएडा, झांसी, मथुरा, बरेली और अन्य इलाकों से हुई है। इन आरोपियों को जेल भेजने के साथ ही उनकी संपत्ति को चिह्नित किया गया है। इन आरोपियों ने बागपत, अलीगढ़, बरसाना, नोएडा, दिल्ली और हरियाणा में करीब 25 करोड़ की संपत्ति बनाई है। इस संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई होगी।

नोएडा एसटीएफ की जांच में इस प्रकरण से जुड़े चार प्रमुख लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने इस पेपर को आउट कराने में सबसे अहम रोल अदा किया था। एसटीएफ की टीमें चारों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न राज्यों में दबिश दे रही हैं।

# मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर सुनवाई जारी

प्रयागराज, विधि संवाददाता। मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद के बीच जमीन विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल मुकदमों की पोषणीयता को लेकर चल रही सुनवाई बुधवार को भी पूरी नहीं हो सकी।

कोर्ट अब 20 मार्च को फिर से सुनवाई करेगी। बुधवार को सुनवाई में भी मुस्लिम पक्ष ने करीब दो घंटे तक दलीलें पेश की। सुनवाई में मुस्लिम पक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहस में मुकदमों की पोषणीयता को लेकर कहा कि मथुरा मामले को लेकर दाखिल मुकदमे 1991 के प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट से बाधित हैं।

# गजवा-ए-हिंद : बाल संरक्षण आयोग दूसरी जांच रिपोर्ट से भी असंतुष्ट

सहारनपुर, कार्यालय संवाददाता। दारुल उलूम के गजवा-ए-हिंद पर 15 वर्ष पुराने फतवे पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी बुधवार को बाल अधिकार संरक्षण आयोग में पेश हुए।

आयोग ने दूसरी जांच रिपोर्ट पर भी आपत्ति जताते हुए कड़ी नाराजगी जताई। आयोग ने प्रशासन की ओर से गए एडीएम प्रशासन व एसपी देहात को तीन सप्ताह का समय देकर नई जांच रिपोर्ट सौपने के निर्देश दिए हैं। इस बार जांच में कई नए बिंदु भी शामिल किए गए हैं। ऐसा दूसरी बार हुआ जब जांच रिपोर्ट को लेकर आयोग संतुष्ट नहीं हो सका।


**नौएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
खण्ड तृतीय, तृतीय तल, गंगा शॉपिंग कॉम्पलेक्स, सैक्टर–29, नौएडा 201301, गौतमबुद्ध नगर, यू.पी., फोन: 0120–2210631

विज्ञापन सं.: NMRC/HR/Rectt./02/2024 दिनांक: 12.03.2024

**विषय: प्रतिनियुक्ति/तत्काल अवशोषण के आधार पर एनएमआरसी में वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी (कानूनी) पद की भर्ती के सम्बंध में**

एनएमआरसी द्वारा विज्ञापन संख्या एनएमआरसी/एचआर/रेक्ट/02/2024 के तहत वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी (कानूनी) पद के लिए प्रतिनियुक्ति/तत्काल अवशोषण के आधार पर अनुभवी कर्मियों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

विस्तृत पात्रता नियम व शर्तें एनएमआरसी की वेबसाइट www.nmrcnoida.com/ career पर कैरियर टैब के तहत अपलोड की गई है और यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है।

इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन उचित माध्यम से ऊपर दिये गए एनएमआरसी कार्यालय के पते पर **12.04.2024 सायं 6:00 बजे** तक भेज सकते हैं। एनएमआरसी किसी भी डाक के विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

उपरोक्त पोस्ट के संबंध में सभी अपडेट केवल एनएमआरसी की वेबसाइट **www.nmrcnoida.com/career** के माध्यम से अपडेट किए जाएंगे।

**महाप्रबंधक/परियोजना, वित्त एवं मानव संसाधन**



विज्ञापन संख्या. 23/2024

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
**महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड**
**में**
**निदेशक (तकनीकी)**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैं।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
**08/04/2024** हैं।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को
लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
**18/04/2024** हैं।
जानकारी के लिए वेबसाइट
http://www.pesb.gov.in
में लॉग इन करें।



**दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी**
**(अधिनियम 07/2008, रा.रा.क्षेत्र दिल्ली सरकार के अधीन स्थापित)**
**पुष्प विहार, सेक्टर-III , नई दिल्ली-110017**

**विज्ञापन**

दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, पुष्प विहार, सेक्टर-3, दिल्ली-110017, जो कि दिल्ली अधिनियम (दिल्ली अधिनियम 07/2008) के अधीन स्थापित की गयी थी, में कुलपति (वाइस-चांसलर) के पद के लिए एतद्द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

अनिवार्य योग्यता एवं अनुभवः

- कोई व्यक्ति जो कि उच्च स्तर की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता तथा सांस्थानिक प्रतिबद्धता धारक है, को कुलपति के रूप में नियुक्त किया जाना है। कुलपति के तौर पर नियुक्त होने वाले व्यक्ति को एक प्रतिष्ठित अकादमीशियन होना चाहिए, जिसके पास किसी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कम से कम दस वर्षों का अनुभव हो अथवा प्रतिष्ठित अनुसंधान और/अथवा अकादमिक प्रशासनिक संगठन में दस वर्ष का अनुभव हो, साथ में प्रदर्शित अकादमिक नेतृत्व का साक्ष्य हो।

वांछनीय योग्यताः

- फार्मास्युटिकल साइंसेज के क्षेत्र अथवा संबंद्ध क्षेत्रों में एक प्रतिष्ठित विद्वान और डीपीएसआरयू अधिनियम, 2008 के अनुसार समान क्षेत्र में उच्चतर अध्ययन के स्नातकोत्तर डिग्री स्तर के संस्थान में प्रशासनिक अनुभव हो अथवा डीपीएसआरयू संविधि के अनुसार फार्मास्युटिकल साइंसेज के क्षेत्र अथवा संबंद्ध स्वास्थ्य विज्ञानों में एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक/अनुसंधानकर्ता हो।

विश्वविद्यालय का अधिनियम/संविधि, यूजीसी नियमावली, 2018, आवेदन का प्रारूप तथा अन्य विवरण विभाग की वेबसाइट अर्थात् https://tte.delhi.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 26.04.2024 (सायं 05.00 बजे तक) है।** निर्धारित प्रारूप तथा मुहरबंद लिफाफे में आवेदन, पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा निम्नलिखित के पास पहुंच जाना चाहिए:

**सचिव,**
**प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीटीई)**
**रा.रा.क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**मुनि माया राम मार्ग, पीतमपुरा, दिल्ली-110034**

ऑनलाइन आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

हस्ता./-
(आर.अलिस वज)
सदस्य सचिव (खोज-सह-चयन समिति), डीपीएसआरयू एवं सचिव (टीटीई)
DIP/Shabdarth/Classified/0389/23-24


## भुनाने की तारीख, चंदा लेने वाले दल का नाम जैसे विवरण दिए

# बॉन्ड खरीदने वाले की पूरी जानकारी दी : एसबीआई

**चुनावी बॉन्ड मामला**

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। चुनावी बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा ने की ओर से हलफनामा दायर किया गया है। इसमें कहा है कि इसमें प्रत्येक चुनावी बॉन्ड खरीद और भुनाने की तारीख, खरीदार के नाम और खरीदे गए बॉन्ड के मूल्यवर्ग सहित सभी विवरण हैं।

इसमें कहा गया है कि 11 मार्च के संविधान पीठ के आदेश के मुताबिक, 12 मार्च को बैंक बंद होने से पहले चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी ईसीआई को पेन ड्राइव में डिजिटल फॉर्मेट में मुहैया करा दी गई है। यह पासवर्ड से सुरक्षित है। बैंक ने जानकारी आयोग को भेजे जाने के प्रमाण के तौर पर अपने हलफनामे में प्रमाण पत्र भी संलग्न किया है।

**ये जानकारी दी गई :** चुनावी बॉन्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉन्ड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिए गए हैं। चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉन्ड का मूल्य भी रिकॉर्ड में दर्ज है। बैंक ने शीर्ष अदालत को बताया कि 15 दिनों की वैधता अवधि के भीतर राजनीतिक दल द्वारा जिन चुनावी बॉन्ड को भुनाया नहीं गया था, उक्त बॉन्ड का रकम प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में स्थानांतरित कर दिया गया है। बैंक ने कहा है कि यह कदम 2 जनवरी, 2018 के राजपत्र अधिसूचना संख्या 20 के अनुसार किया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने और जानकारी देने से किया था इनकार :** मालूम हो कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने 11 मार्च को एसबीआई को चुनावी बॉन्ड के जरिये चंदा देने वालों और इसे पाने वाले राजनीतिक दलों के बारे में सभी जानकारी भारतीय निर्वाचन आयोग को मुहैया कराने के लिए समय देने से इनकार कर दिया था। साथ ही बैंक को 12 मार्च को बैंक बंद होने से पहले आयोग को जानकारी मुहैया कराने का आदेश दिया था। साथ ही, आयोग को 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपने वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश दिया था।

**पहले 11 दिन में 3346 बॉन्ड जारी किए गए :** एसबीआई के हलफनामे के अनुसार, एक अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी 2024 की अवधि के दौरान कुल 22,217 चुनावी बॉन्ड जारी किए गए। 22030 बॉन्ड भुनाए गए। बॉन्ड जारी होने के महज 11 दिन के भीतर 3346 चुनावी बॉन्ड जारी किए गए।

## प्रधानमंत्री किस बात से डर रहे : कांग्रेस

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। कांग्रेस ने बुधवार को एक बार फिर केंद्र सरकार को घेरा है। पार्टी ने सरकार पर भारतीय स्टेट बैंक के जरिये चुनावी बॉन्ड की सच्चाई को रोकने का प्रयास कर रही है। पार्टी ने सवाल किया है कि आखिर प्रधानमंत्री को किस बात का डर है। पूरी सरकार क्या छुपाने की कोशिश कर रही है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 15 फरवरी 2024 को चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक करार देने के बावजूद सरकार एसबीआई के जरिये बॉन्ड की जानकारी क्यों रोक रही थी। उन्होंने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किस बात का डर है।



जयराम रमेश बोले, सरकार क्या छुपाने की कोशिश कर रही

जयराम ने दावा किया कि 20 फरवरी 2024 को पता चला कि ईडी, सीबीआई या आयकर विभाग के छापे या जांच के तुरंत बाद 30 कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये तक का चंदा मिला है। उन्होंने सवाल किया छापे के फौरन बाद कंपनियों ने भाजपा को चंदा क्यों दिया।

## शरद पवार ने केंद्र पर निशाना साधा

मुंबई, एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को बढ़ती कीमतों के परिणामस्वरूप आगामी लोकसभा चुनावों में भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

पवार ने कहा कि प्याज निर्यात से संबंधित सरकार के फैसलों, इथेनॉल और चीनी उद्योग पर उसकी नीतियों ने कृषक समुदाय में निराशा पैदा की है, जो आगामी आम चुनावों में दिखाई देगी।

## सुब्रमण्यन की अर्जी का विरोध

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। एक्सिस बैंक ने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस में शेयर की खरीद और बिक्री के जरिए अनुचित लाभ कमाने के कथित धोखाधड़ी मामले में जांच का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका का दिल्ली उच्च न्यायालय में बुधवार को विरोध किया।

भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने एक जनहित याचिका दायर कर इस मामले की जांच का आदेश देने की अपील की है।

## तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया

नई दिल्ली, एजेंसी। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी में शामिल बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है।

ऑपरेशन के दौरान लगभग 40 करोड़ का करीब 61.08 किलोग्राम सोना, नकदी आदि सामान जब्त किए गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि इस ऑपरेशन के लिए डीआरआई की सराहना करती हूं। हमारे आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए सतर्कता बनी हुई है।


**इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड** (भारत सरकार का उपक्रम) **ENGINEERS INDIA LIMITED** (A Govt. of India Undertaking)
पंजीकृत कार्यालयः इंजीनियर्स इंडिया भवन, 1, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066

**सार्वजनिक सूचना**

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के उन पूर्व कर्मचारियों के लिए जो इंजीनियर्स इंडिया प्रोविडेंट फंड ट्रस्ट (ईआईएल पीएफ ट्रस्ट) के सदस्य थे यह अधिसूचित किया जाता है कि कंपनी सभी सदस्यों के योगदान सहित पूरे कर्मचारी भविष्य निधि को ईआईएल प्रोविडेंट फंड ट्रस्ट से ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) में हस्तांतरित कर रही है और ईआईएल पीएफ ट्रस्ट को बंद कर रही है।

कई पूर्व कर्मचारियों ने अभी तक ईआईएल पीएफ ट्रस्ट से अपने भविष्य निधि (पीएफ) राशि नहीं निकलवाई है। ऐसे पूर्व कर्मचारियों की सूची ईआईएल पूर्व कर्मचारी पोर्टल (**https://retdemp.eil.co.in**) और ईआईएल वेबसाइट (**https://engineersindia.com**) पर उपलब्ध है।

ईआईएल पीएफ खाते को ईपीएफओ को सौंपने की योजना के मद्देनजर, ईआईएल के पूर्व कर्मचारी, जिन्होंने अभी तक अपने भविष्य निधि (पीएफ) की राशि नहीं निकलवाई है, उन्हें यह सलाह दी जाती है कि वे पीएफ निकासी फॉर्म या फॉर्म 13 (पीएफ ट्रांसफर फॉर्म) की विधिवत भरी हुई और हस्ताक्षरित प्रति अपने पीएफ संचय की निकासी या हस्तांतरण जो भी लागू हो उसके लिए जमा करें। उक्त फॉर्म ईआईएल पूर्व–कर्मचारी पोर्टल (**https://retdemp.eil.co.in**) और ईआईएल वेबसाइट (**https://engineersindia.com**) से डाउनलोड किया जा सकता है।

विधिवत भरे और हस्ताक्षरित फॉर्म की हार्ड कॉपी और पीएफ प्राधिकरण फॉर्म (जिसमें अनिवार्य रूप से उसमें मोबाइल फोन नंबर और ईमेल आईडी का उल्लेख हो), उनके नाम वाले रद्द किए गए चेक की एक प्रति, पैन, आधार की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ, **29 मार्च, 2024** या उससे पहले निम्नलिखित पते पर पहुंचनी चाहिए।

**पताः**
**श्री राकेश कुमार, एजीएम (एचआर)**
ईआर कोर विभाग, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
1, भीकाजी कामा प्लेस, आरके पुरम, नई दिल्ली–110066

कृपया ध्यान दें कि यदि उपरोक्त दावा प्रपत्र और दस्तावेज **29 मार्च, 2024** को या उससे पहले प्राप्त नहीं होते हैं, तो निपटान न किए गए/निष्क्रिय खातों का पीएफ संचय आगे के प्रशासन के लिए ईपीएफओ को हस्तांतरित कर दिया जाएगा, जिससे ऐसे पूर्व कर्मचारियों को बाद में निपटान/स्थानांतरण आदि के लिए ईपीएफओ के साथ सीधे पत्राचार करना होगा। इसके बाद पीएफ निकासी दावों, पीएफ ट्रांसफर अनुरोध आदि के किसी भी निपटान के लिए ईआईएल जिम्मेदार नहीं होगा।

किसी भी प्रश्न के लिए @ **eilpfentrustment@eil.co.in** पर ईमेल कर सकते हैं।

**स्थानः नई दिल्ली** हस्ता./–
**दिनांकः 13.03.2024** प्रमुख (ईआर–कोर)



**राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड**
पो. बॉ. सं. 40, आणंद – 388001, गुजरात
दूरभाषः 02692-260 148/149/160, फैक्सः 02692-260159, वेबसाइटः www.nddb.coop, ईमेलः purchase@nddb.coop

बोली के लिए आमंत्रण (IFB)/स्थानीय प्रतिस्पर्धी बोली (LCB)

निम्नलिखित सूचीबद्ध कार्यों के लिए सेवा प्राप्तकर्ताओं/राडेविबो की ओर से पात्र बोलीदाताओं से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:

| क्रम सं. | कार्यों का विवरण/बोली संदर्भ | अनुमानित लागत (₹) जीएसटी सहित/अवधि | ईवेंट आरंभ/समाप्ति की तिथि | बोली जमा करने/खोलने की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| I | भुखला, वडगाम, बनासकांठा, गुजरात में बनास – सुजुकी बायोगैस परियोजनाओं के लिए निम्नलिखित की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग | | | |
| क | 11KV / 433 V का इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन, DG सेट सहित NDDB/HO/Purchase/105/23-24/ET/105 [SUBS BHUKHALA] | 128 लाख / 08 महीने | 14.03.24/ 04.04.24 | 04.04.24 15:00 बजे 04.04.24 15:30 बजे |
| ख | ग्रिड संयोजित 300KW का सोलर PV सिस्टम NDDB/HO/Purchase/106/23-24/ET/106 [SOLAR BHUKHALA] | 120 लाख / 10 महीने | 19.03.24/ 09.04.24 | 09.04.24 15:00 बजे 09.04.24 15:30 बजे |
| II | अगथाला, लाखानि, बनासकांठा, गुजरात में बनास – सुजुकी बायोगैस परियोजनाओं के लिए निम्नलिखित की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग | | | |
| क | 11KV / 433V का इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन, DG सेट सहित NDDB/HO/Purchase/107/23-24/ET/107 [SUBS AGTHALA] | 128 लाख / 08 महीने | 16.03.24/ 06.04.24 | 06.04.24 15:00 बजे 06.04.24 15:30 बजे |
| ख | ग्रिड संयोजित 300KW का सोलर PV सिस्टम NDDB/HO/Purchase/108/23-24/ET/108 [SOLAR AGTHALA] | 120 लाख / 10 महीने | 20.03.24/ 10.04.24 | 10.04.24 15:00 बजे 10.04.24 15:30 बजे |

IFB से संबंधित अधिक जानकारी के लिए और बोली दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए, कृपया इन वेबसाइटों: **www.nddb.coop** और **www.mstcecommerce.com/eprocn** को देखें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया ग्रुप प्रमुख (क्रय), राडेविबो, आणंद–388001 से संपर्क करें।
**विशेष सूचना: किसी भी शुद्धिपत्र / संशोधन इत्यादि को केवल इन वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया जाएगा।**



वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE
सत्यमेव जयते

**जीएसटी करदाता ध्यान दें!**

जिन करदाताओं का सकल वार्षिक टर्नओवर# एक विनिर्दिष्ट सीमा* तक है

वे वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जीएसटी कंपोजिशन योजना का विकल्प

**31 मार्च, 2024 तक चुन सकते हैं**

पात्र करदाता, जो कंपोजिशन योजना का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा कंपोजिशन योजना का विकल्प चुन सकते हैं:

करदाता इंटरफेस पर लॉगिन करें

'Services > Registration > Application to Opt for Composition Levy' पर जाएं

फॉर्म GST CMP-02 भर कर जमा करें

पहले से कंपोजिशन योजना का लाभ उठा रहे पात्र करदाताओं को फॉर्म GST CMP-02 दाखिल करना आवश्यक नहीं है

आसान और सुविधाजनक अनुपालन

आकर्षक कर दरें

न्यूनतम अनुपालन आवश्यकताएं

माल एवं सेवाओं की आपूर्तिकर्ताओं के लिए उपलब्ध

कम बही खातों की आवश्यकता

स्वतः नवीकरण और योजना को छोड़ना भी सरल

*

| आपूर्तिकर्ताओं के प्रकार | | #वित्तीय वर्ष 2023–24 में सकल वार्षिक टर्नओवर |
|---|---|---|
| माल के आपूर्तिकर्ता | 08 विनिर्दिष्ट राज्यों में पंजीकृत करदाता | रू. 75 लाख तक |
| | अन्य राज्यों में पंजीकृत करदाता | रू. 150 लाख तक |
| सेवाओं के आपूर्तिकर्ता | | रू. 50 लाख तक |

अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए कृपया सीजीएसटी अधिनियम की धारा 10, सीजीएसटी नियम 3 से 7 और अधिसूचना सं. 14/2019-केंद्रीय कर दिनांक 07.03.2019, को देखें

जीएसटी कंपोजिशन योजनाः छोटे करदाताओं के लिए बड़े लाभ


cbc 15502/13/0029/2324

**केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड**

@cbic_india @cbicindia @cbicindia @cbic @CBIC INDIA @CBIC India www.cbic.gov.in

IRCTC

# विकसित भारत के लिए रेलवे का आधुनिकीकरण
# मोदी सरकार की गारंटी










## उपलब्धियों की एक झलक

### किफायती पर्यटन

**भारत गौरव ट्रेनें:** • फरवरी 2023 से अब तक 1 लाख से अधिक यात्रियों को किफायती मूल्य पर पर्यटन एवं तीर्थयात्रा का दिव्य अनुभव कराया जा चुका है

• ''देखो अपना देश'' की सोच पर आधारित, इन ट्रेनों को आईआरसीटीसी द्वारा विभिन्न थीम बेस सर्किटों पर संचालित किया जा रहा है जैसे श्री रामायण यात्रा, जैन सर्किट, बौध सर्किट, गरवी गुजरात, श्री जगन्नाथ पुरी यात्रा, प्रवासी भारतीय यात्रा, उत्तर-पूर्व सर्किट आदि

**आस्था ट्रेनें:** देश के विभिन्न प्रांतों के 4.5 लाख से भी अधिक तीर्थयात्रियों को अयोध्या जाने की सुविधा प्रदान की गई

सांस्कृतिक संगम और शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए काशी तमिल संगमम, सौराष्ट्र तमिल संगमम और युवा संगम टूर्स के माध्यम से 10000 से भी अधिक प्रतिनिधियों/छात्रों को सुविधा प्रदान की गई

### इंटरनेट टिकटिंग-डिजिटल भारत

प्रत्येक 5 में से 4 यात्री आईआरसीटीसी की सेवाओं का उपयोग करके आसान टिकट बुकिंग सुविधा का आनंद ले रहे हैं

टिकट बुकिंग की पीक टाइम मांग को पूरा करने के लिए आईआरसीटीसी के पोर्टल की क्षमता को 14 गुणा बढ़ाया गया

आईआरसीटीसी ने ग्राहकों की 24X7 सहायता के लिए ''आस्क दिशा'' चैटबॉट जैसा प्रगतिशील समाधान दिया

मोबाइल आधारित प्लेटफार्मों द्वारा ''ऑन द गो'' टिकट बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराई

रिटायरिंग रूम, होटल, बस, फ्लाइट, लाउंज, लक्जरी ट्रेन, केदारनाथ हेलीयात्रा की बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी द्वारा ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई गई


### खानपान-विशेष उल्लेख


कोविड महामारी के दौरान राज्यों, रेलवे और सरकारी संगठनों के सहयोग से आईआरसीटीसी द्वारा नियुक्त बेस किचन से 21 लाख से अधिक लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया

रेल नीर संयंत्रों में अत्याधुनिक प्रैद्योगिकी का उपयोग करके यात्रियों के लिए स्वच्छ और अच्छी गुणवत्ता वाला पेयजल उचित मूल्यों पर सुनिश्चित कराया गया

आईआरसीटीसी का मार्केट कैप लिस्टिंग की तारीख (14.10.2019) को 11,657 करोड़ रुपये से बढ़कर 73,652 करोड़ रुपये (12.03.2024 को) हो गया, जिसमें 532% की वृद्धि दर्ज की गई है और जिससे निवेशकों की संपत्ति में वृद्धि हुई





विधानसभा चुनाव में बसपा ने 88 सीटों पर उतारे थे मुस्लिम प्रत्याशी

# सपा-कांग्रेस की राह में रोड़े अटकाएगी बसपा

उत्तर प्रदेश

■ शैलेंद्र श्रीवास्तव

लखनऊ। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना भले ही अभी तक जारी नहीं हुई है, लेकिन चुनावी चौसर पर मोहरें बिछाई जाने लगी हैं। लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस जहां इंडिया गठबंधन के बैनर तले लड़ रही है, वहीं बसपा अपने दम पर ताल ठोंके हुए है।

सपा-कांग्रेस की ख्वाहिश मुस्लिम वोटों का बंटवारा रोकना है, तो बसपा इनकी राह में रोड़े अटकाने का ताना-बाना बुनने में जुट गई है। ठीक वैसे ही जैसे उसने 2022 के विधानसभा चुनाव में 88 सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी उतार सपा की राह में कांटे बो दिए थे।

लोकसभा चुनाव के लिए बसपा ने फिलहाल अभी तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है, लेकिन मंडल स्तर पर लोकसभा प्रभारियों की घोषणा शुरू कर दी गई है। इन्हीं प्रभारियों को आगे चलकर उम्मीदवार घोषित कर दिया जाता है। बसपा के अभी तक कुल छह लोकसभा प्रभारी घोषित किए गए हैं। इनमें से पांच मुस्लिम और एक जाट है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बसपा की नजर भी मुस्लिम वोट बैंक पर है। यूपी में मुस्लिम वोट बैंक 19.5 प्रतिशत बताया जाता है। प्रदेश में 29 लोकसभा सीटें मुस्लिम प्रभाव वाली हैं। इसलिए बसपा इनमें अधिकतर सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारने की दिशा में है।

### 2019 में बसपा के मुस्लिम उम्मीदवारों की स्थिति प्रतिशत

| सीटें | नाम | स्थिति | वोटिंग % |
|---|---|---|---|
| अमरोहा | दानिश अली | जीत | 51.39 |
| सहारनपुर | हाजी फजलुर्रहमान | जीत | 41.72 |
| गाजीपुर | अफजाल अंसारी | जीत | 51.11 |
| मेरठ | हाजी मोहम्मद याकूब | हार | 47.78 |
| धौरहरा | अरशद इलियास सिद्दीकी | हार | 33.11 |
| डुमरियागंज | आफताब आलम | हारे | 39.27 |



### बसपा के उम्मीदवार

बसपा ने कन्नौज से अकील अहमद पट्टा, पीलीभीत से अनीश अहमद खान उर्फ फूल बाबू और अमरोहा से मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली का टिकट काटकर डा. मुजाहिद हुसैन, मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इरफान सैफी को उम्मीदवार घोषित किया है। सहारनपुर से मौजूदा सांसद हाजी फजुलर्रहमान का टिकट काटकर माजिद अली को दिया गया है। बिजनौर से जाट उम्मीदवार बिजेंद्र चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया है।

### विधानसभा चुनाव में बिगाड़ दिया था खेल

बसपा ने 88 विधानसभा सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे। इसका सबसे अधिक नुकसान सपा को उठाना पड़ा। बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार विधानसभा चुनाव में भले ही जीत नहीं पाए, लेकिन अधिकतर सीटों पर सपा को नुकसान पहुंचाया था। इन 88 सीटों में से 26 सीटें ऐसी थीं जिनमें सपा के मुस्लिम प्रत्याशियों के सामने बसपा का मुस्लिम प्रत्याशी था।

# यूपी में महिलाएं निभाएंगी अहम भूमिका

■ संतोष वाल्मीकि

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में महिला वोटर अहम भूमिका निभाएंगी। राज्य की नई वोटर लिस्ट में कुल 15.29 करोड़ कुल मतदाता हैं। इनमें से 8.14 करोड़ पुरुष और 7.15 करोड़ महिला वोटर हैं।

केंद्रीय चुनाव आयोग ने इस बार ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को वोटर बनाने पर खासा जोर दिया है। राज्य की वोटर लिस्ट में 31.24 लाख नई महिला वोटर जोड़ी गई हैं। इस बार की नई वोटर लिस्ट में कुल 20.41 लाख 18 से 19 साल के नए वोटर जोड़े गए हैं जो पहली बार मतदान करेंगे। 18 से 19 साल की उम्र की 7.28 लाख युवतियां हैं जो पहली बार मतदान करेंगी। कहना गलत न होगा कि महिला वोटरों का रुख जिस ओर गया, उसी सियासी दल का पलड़ा भारी होना तय है। हाल ही में मध्य प्रदेश के चुनाव में वहां की पिछली शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा संचालित लाडली बहना योजना एक बार भाजपा को सत्ता में वापस लाने में कारगर कही जाती है।

### बढ़ गया है महिलाओं का अनुपात

नई वोटर लिस्ट में इस बार लिंगानुपात भी बढ़ा है। अब यहां की वोटर लिस्ट में प्रति एक हजार पुरुष वोटरों पर 878 महिला वोटर हैं। राज्य की 90 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां प्रति एक हजार पुरुष वोटरों पर 900 महिला मतदाता हैं। सीएसडीएस के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को पांच प्रतिशत और भाजपा को 51 प्रतिशत महिलाओं ने अपना वोट दिया था।

## जम्मू-कश्मीर में एक साथ चुनाव संभव

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि जल्द ही फैसला लिया जाएगा। राजीव कुमार ने कहा, चुनाव आयोग केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा।

लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव एक साथ या अलग-अलग कराने पर फैसला लिया जाएगा। चुनाव निकाय की एक टीम केंद्र शासित प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर है। हम जम्मू-कश्मीर में चुनावों को लेकर चिंतित हैं। हमने यहां जिन दलों से मुलाकात की उनमें से अधिकांश ने दोनों चुनाव एक साथ कराने की मांग की है।

# उत्तर बिहार में छह फीसदी बढ़ गए बाहुबली उम्मीदवार

बिहार

मुजफ्फरपुर, वरीय संवाददाता। उत्तर बिहार में लोकसभा चुनाव में बाहुबली उम्मीदवारों की संख्या बढ़ रही है। वर्ष 2014 की तुलना में 2019 के लोकसभा चुनाव में ही आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों की संख्या में छह फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में तिरहुत प्रमंडल की सात सीटों पर उतरे 129 उम्मीदवारों में से 42 ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले होने की घोषणा की थी। वहीं, 2019 में इन्हीं सीटों पर मैदान में उतरे कुल 133 प्रत्याशियों में से 51 ने खुद पर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी शपथ पत्र में दी थी। इस तरह देखें तो 2014 के चुनाव में आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों की संख्या कुल उम्मीदवारों के 32.55 प्रतिशत थी, जो अगले चुनाव यानी 2019 में करीब छह फीसदी बढ़कर 38.35 प्रतिशत से कुछ ज्यादा हो गई। यहां की कई संसदीय सीटों पर आपराधिक छवि वालों ने खुद या अपने परिवार से जुड़े किसी व्यक्ति की दावेवारी पेश करनी शुरू की। इनमें से कई जीते, तो कुछ को मुंह की भी खानी पड़ी।

## सियासत 30s

### देवेगौड़ा के दामाद को प्रत्याशी बनाया

बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के दामाद और जाने-माने कार्डियक सर्जन डॉ. सीएन मंजूनाथ ने बुधवार को राजनीति में कदम रखा। भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में बेंगलुरु ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र से उनकी उम्मीदवारी की घोषणा की। मंजूनाथ का मुकाबला उपमुख्यमंत्री और राज्य कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश से होगा। भाजपा ने बुधवार को कर्नाटक में अपने 20 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा की, जिसमें कुल 28 सीटें हैं।

### 'अधिकार यात्रा' अभियान शुरू किया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के लोगों के अधिकारों की वकालत करते हुए कई लोकसभा क्षेत्रों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने बुधवार को 'बांग्लार अधिकार यात्रा' शुरू की। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार राज्य के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। तृणमूल प्रत्याशी देबांगशु भट्टाचार्य ने लोगों को सुनने के महत्व पर जोर दिया।

### पूर्व विधायक शिवतारे बारामती सीट से लड़ेंगे

मुंबई। शिवसेना के पूर्व विधायक विजय शिवतारे ने बुधवार को कहा कि वह निर्वाचन क्षेत्र के 'आम मतदाताओं की आवाज' बनने के लिए महाराष्ट्र के बारामती से आगामी लोकसभा चुनाव एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे। बता दें कि एनसीपी (शरद चंद पवार) प्रमुख शरद पवार ने हाल ही में कहा था कि सांसद सुप्रिया सुले बारामती से उनकी पार्टी की उम्मीदवार होंगी।

### विजय कुमार सहनी राजद में शामिल हुए

पटना। जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार सहनी ने बुधवार को राजद की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश राजद कार्यालय में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद अनिल सहनी की अध्यक्षता में आयोजित मिलन समारोह में उन्होंने राजद की सदस्यता ग्रहण की। मिलन समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने सहनी और उनके समर्थकों को राजद की सदस्यता दिलाई।

www.livehindustan.com
चुनावी खबरें
चुनाव से जुड़ी खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।


# मुख्तार को उम्रकैद, डेढ़ साल में आठवीं सजा

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। फर्जी दस्तावेज के आधार पर डबल बैरल बंदूक लेने के आरोप में पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को उम्र कैद की सजा हुई है। बुधवार को यह सजा विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम ने सुनाई।

कोर्ट ने मंगलवार को मुख्तार को दोषसिद्ध मानते हुए सजा का आदेश 13 मार्च के लिए सुरक्षित रख लिया था। गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में दर्ज लगभग 37 साल पुराने प्रकरण में कोर्ट ने विभिन्न धाराओं में मुख्तार को अलग-अलग सजाएं सुनाई हैं। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

पिछले डेढ़ वर्ष के दौरान मुख्तार को यह आठवीं सजा है। इसके पहले उसे चर्चित कोयला व्यापारी नंदकिशोर रुंगटा के अपहरण व हत्या के मामले में पैरवी कर रहे उनके भाई को धमकी देने में पांच साल की सजा हुई थी। विशेष न्यायाधीश कोर्ट ने ही पिछले साल मुख्तार का अवधेश राय हत्याकांड में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। बुधवार को आए फैसले से जुड़े प्रकरण में मुख्तार ने 10 जून 1987 को गाजीपुर के जिला मजिस्ट्रेट के यहां शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। उसने तत्कालीन डीएम एवं एसपी के फर्जी हस्ताक्षर से संस्तुति पत्र जारी कर लाइसेंस ले लिया।

### अलग-अलग सजाएं



सीबीसीआईडी ने कूटरचित दस्तावेज के जरिएअसलहे का शस्त्र लाइसेंस जारी कराने में धोखधड़ी, साजिश व आयुध अधिनियम और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में केस दर्ज कराया था। एमपी-एमएलए कोर्ट ने आईपीसी की धारा 467/120 बी में उम्रकैद, आईपीसी की धारा 420/120-बी, 468 / 120-बी में सात-सात वर्ष कैद और 50-50 हजार जुर्माना की सजा हुई है।

सुरजेवाला प्रकरण में सुनवाई 19 मार्च को: वाराणसी, संवाददाता। [(एमपी/एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत में बुधवार को कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के खिलाफ सुनवाई टल गई। अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी। कमिश्नरी परिसर में धरना-प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ में आरोपित सुरजेवाला के खिलाफ सत्र न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। तब आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट में शरण ली थी।

## बिहार में मंत्रिमंडल का विस्तार आज

पटना। बिहार में गुरुवार को नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। हालांकि, भाजपा की सूची पर शीर्ष नेतृत्व की मुहर के बाद ही संख्या तय होगी कि कितने तथा कौन-कौन मंत्री बनेंगे।

फिलहाल मंत्रिमंडल में जदयू और भाजपा के लगभग डेढ़ दर्जन विधायकों को शामिल किये जाने की सूचना है। शपथग्रहण समारोह राजभवन में शाम के पांच बजे हो सकता है।

गौर हो कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बुधवार को काफी गहमागहमी रही। बैठकों का दौर जारी रहा और संभावित मंत्रियों के नामों पर चर्चा हुई।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

अन्नदाता का हित सुनिश्चित
मोदी सरकार की गारंटी





"हमारे किसान भाई-बहनों पर देश को गर्व है।
ये जितना सशक्त होंगे, नया भारत भी उतना ही समृद्ध होगा"
-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

5 साल बेमिसाल

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

- अब तक 11 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर हुई
- 3 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थी
- दुनिया की सबसे बड़ी DBT योजना
- लाभार्थी किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6 हज़ार रूपये की प्राप्ति - तीन समान किस्तों में
- 85 प्रतिशत से अधिक लघु और सीमांत किसान लाभान्वित
- लाभार्थियों की समस्याओं को दूर करने के लिए एक समग्र शिकायत निवारण तंत्र व केंद्रीकृत हेल्पडेस्क

योग्यता:-
- भू जोत धारक किसान
- परिवार में किसी अन्य को पीएम किसान सम्मान निधि न मिल रही हो
- स्कीम में निर्धारित शर्तों के अनुसार पात्र हो

पंजीकरण:-
- ऑनलाइन आवेदन के लिए, पीएम किसान पोर्टल https://pmkisan.gov.in/ पर जाएं
- पंजीकरण की सुविधा देश के 4 लाख से अधिक जन सेवा केंद्रों पर भी उपलब्ध
- पंजीकरण के लिए अपने भू अभिलेख और आधार को साथ ले जाएं

शिकायत निवारण:-
- PM KISAN योजना में पंजीकृत किसान, पीएम किसान पोर्टल के KYS Module पर जा कर अपनी ताजा स्थिति की जांच कर सकते हैं
- चैटबॉट सेवा किसान ई-मित्र: पीएम किसान पोर्टल पर उपलब्ध है, अपनी भाषा में बात करके समस्या का समाधान ले सकते हैं
- टोल फ्री हेल्पलाइन: 1800-115-5266 (Toll-free helpline) पर बात कर सकते हैं

CBC 01101/13/0022/2324

सभी पात्र किसानों के लिए महत्वपूर्ण सूचना:
यह सुनिश्चित करें कि आपका ई-केवाईसी पूर्ण हो और आपका बैंक खाता आपके आधार से जुड़ा हो ताकि केंद्र सरकार द्वारा सीधे आपके सक्रिय बैंक खाते में बिना किसी बिचौलियों के पीएम किसान योजना का लाभ ट्रांसफर किया जा सके

@pmkisanofficial

CRIS रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र
चाणक्यपुरी, नई दिल्ली - 110021
फोन: 24106717, 24104525
निविदा क्रमांक: CRIS/HQ/Admn/16/2024, दिनांक 13.03.2024 विषय: वाहन की बिक्री, मारुति SX4-ZXi मॉडल-2009 (कलर पर्ल मेट) की बिक्री के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है 'जैसा है जहां है आधार', निविदा खुलने की तिथि: 28.03.2024 (11:30 बजे) दस्तावेज को वेबसाइट www.cris.org.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आगे के संशोधन / विस्तार के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएँ।

हाइट्स
एचएलएल इंफ्रा टेक सर्विसेस लिमिटेड
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
हाइट्स, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में मेडिकल कॉलेज, अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विज्ञान संस्थान के संचालन और रखरखाव सहित डिज़ाइन, इंजीनियरिंग, प्रापण और निर्माण (ईपीसी) के लिए दो निविदा प्रणाली में पात्र ठेकेदारों /फर्मों से ई-निविदा के माध्यम से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिए www/hllhites.com/tenders और https:etenders.gov.in/eprocure/app देखें। वी पी (आईडी)

उ०प्र०पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि० ई-निविदा आमंत्रण सूचना-निविदा विशिष्टी सं०- ईएसडी-8/200 के अन्तर्गत "04 नग 400के0वी0 500एम०वी०ए० परिवर्तक " के क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई है जिसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक 12.03.2024 को प्रकाशित किया गया है। निविदा की धरोहर धनराशि रु0 101.66 लाख होगी तथा निविदा प्रपत्रों का मूल्य रू0 17,700.00 का भुगतान RTGS/NEFT के माध्यम से किया जाएगा। ऑनलाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दि0 15.04.2028 (12:00 बजे तक) तथा प्रथम भाग खुलने की तिथि 16.04.2024 (16:00 बजे) है। कुल मात्रा, निविदा विशिष्टकरण, निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि के भुगतान की विधि व अन्य नियम एवं शर्तें ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल उक्त वेबसाइट पर डाली जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिये उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिए। अधीक्षण अभियन्ता, वि0765 / 400 के0वी0 उ०परि०म० 11वाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ। पत्रांक : 95, दिनांक : 12.03.2024, "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण
प्रीत विहार, दिल्ली रोड, हापुड़-245101, फोन: 0122-2308764-65
वेबसाइट: www.hpdaonline.in, ई-मेल: hpda_1@rediffmail.com
पत्र सं.: 271 / समन्वय / एच.पी.डी.ए. / 2024 दिनांक: 13.03.2024
अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI)
हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के अधिसूचित विकास क्षेत्र के अन्तर्गत लगभग 20 वर्ग किमी. क्षेत्रफल में अवैध / अनियमित निर्माणों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत अवैध निर्माण / विकास कार्यों के चिन्हींकरण हेतु ड्रोन सर्वेक्षण कराये जाने की आवश्यकता है। इस हेतु अनुभवी एवं इस कार्य में दक्ष ड्रोन सर्वे करने वाली फर्म / कम्पनियों से उनके द्वारा पूर्व में किये गये कार्य का अनुभव, विशिष्टिताएं, तकनीकी आवश्यकतायें तथा सर्वेक्षण कार्य की दरें प्राप्त करने हेतु ऑफर आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक फर्म / कम्पनी अपने वर्क प्रोफाईल के साथ इस कार्य के लिए प्रतिवर्ग किलोमीटर दरों का दिनांक 27.03.2024 तक ई-टेण्डर पोर्टल पर अपना ऑफर दे सकते हैं।
(प्रदीप कुमार सिंह) सचिव
"सुनियोजित विकास, आपकी आशा - हमारा ध्येय • जल संचय -जीवन संचय"



# विकसित भारत
# विकसित दिल्ली

## मोदी सरकार की गारंटी

### दिल्ली मेट्रो रेल परियोजना (फेज़-IV)

**₹8,400 करोड़** लागत के दो नए कॉरिडोर

**लाजपत नगर - साकेत जी ब्लॉक** | **इंद्रलोक - इंद्रप्रस्थ**

का

## शिलान्यास

# श्री नरेन्द्र मोदी
**माननीय प्रधानमंत्री**

के कर-कमलों द्वारा

गुरुवार, 14 मार्च 2024 | समयः सांय 5:00 बजे

(वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री हरदीप सिंह पुरी**
केंद्रीय मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य और
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस



## प्रमुख विशेषताऐं

8.4 किलोमीटर लंबे लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर में 8 मेट्रो स्टेशन होंगे - लाजपत नगर, एंड्रयूज गंज, ग्रेटर कैलाश -1, चिराग दिल्ली, पुष्पा भवन, साकेत डिस्ट्रिक्ट सेंटर , पुष्प विहार और साकेत जी ब्लॉक।

लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर गोल्डन , मैजेंटा, पिंक और वॉयलेट लाइनों को लाजपत नगर (वायलेट और पिंक लाइनों के साथ), चिराग दिल्ली (मैजेंटा लाइन के साथ) और साकेत जी ब्लॉक (गोल्डन लाइन के साथ) में इंटरचेंज के साथ जोड़ेगा।

12.4 किलोमीटर लंबे इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर में 10 मेट्रो स्टेशन होंगे - इंद्रलोक, दया बस्ती, सराय रोहिल्ला, अजमल खान पार्क, नबी करीम, नई दिल्ली, एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली गेट, दिल्ली सचिवालय और इंद्रप्रस्थ।


इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर रेड, येलो, एयरपोर्ट एक्सप्रेस, मैजेंटा, वायलेट और ब्लू लाइनों को इंद्रलोक (ग्रीन और रेड लाइन के साथ), नबी करीम (मैजेंटा लाइन के साथ), नई दिल्ली (येलो और एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइनों के साथ), दिल्ली गेट (वायलेट लाइन के साथ) और इंद्रप्रस्थ (ब्लू लाइन के साथ) में इंटरचेंज के साथ जोड़ेगा।


लगभग 2.5 लाख यात्री इन नई लाइनों का लाभ उठा सकेंगे।

यह दो कॉरिडोर कारोबार को बढ़ावा देंगे और दिल्ली गेट, नई दिल्ली, नबी करीम और दक्षिण दिल्ली के क्षेत्र जैसे एंड्रयूज गंज, पुष्प विहार और साकेत के आस-पास कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे।

इन लाइनों पर मेट्रो कनेक्टिविटी से यात्रा में लगने वाले समय, प्रदूषण और सड़क जाम में कमी आएगी।

सबसे उन्नत 'चालक रहित ट्रेन संचालन' तकनीक से सुसज्जित ट्रेनें।




डीडी न्यूज पर सीधा प्रसारण देखें DD

## कांग्रेस की गारंटी

सत्ता के लिए संघर्षरत किसी भी पार्टी के लिए कुछ ऐसी घोषणाएं जरूरी होती हैं, जिनसे मतदाताओं को लुभाया जा सके। इसी कड़ी में कांग्रेस की बड़ी चुनावी कवायद 'नारी न्याय गारंटी' को देखा जाना चाहिए। इसके तहत कांग्रेस सत्ता में आने पर गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की वित्तीय मदद देगी। जाहिर है, ऐसी कोई योजना अभी किसी पार्टी के पास नहीं है, तो इसकी चर्चा जरूर होगी। आधी आबादी पूरा हक के तहत कांग्रेस केंद्र सरकार की आधी भर्तियों पर महिलाओं का हक सुनिश्चित करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक स्वाभाविक उत्साह के साथ यह बताया है कि शक्ति का सम्मान के तहत आंगनबाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन कार्यकर्ताओं की मासिक आय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना कर दिया जाएगा। अधिकार मैत्री के तहत महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए, हरेक पंचायत में एक न्याय मित्र या पैरा-लीगल पेशेवर को नियुक्त किया जाएगा। पहली नजर में यह भी सामाजिक रूप से एक उपयोगी योजना नजर आती है। पांचवीं गारंटी के तहत प्रत्येक जिला मुख्यालय में कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक छात्रावास बनाने की बात कही गई है।

महिला केंद्रित इन पांच गारंटी की सामाजिक चर्चा सुनिश्चित है, किंतु चुनावी रूप से इसका कितना असर होगा, कहना मुश्किल है। महिला वोटरों को रिझाने की कोशिश से पहले कांग्रेस युवाओं के लिए भी पांच बड़ी घोषणाएं कर चुकी है। पहली नौकरी पक्की योजना के तहत युवाओं को स्नातक होते ही एक लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा 30 लाख रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने का भी वादा कांग्रेस ने किया है, जिसमें परीक्षा की तारीख से लेकर नियुक्ति तक की स्पष्ट समय-सीमा होगी। वाकई देश में कई कारणों से अनेक बड़ी भर्तियों में जरूरत से ज्यादा समय लग रहा है और इसका चुनावी लाभ कांग्रेस उठाना चाहती है, तो आश्चर्य नहीं। पार्टी ने पेपर लीक से मुक्ति का कानून बनाने का भी वादा किया है। अगर कांग्रेस सत्ता में आने पर रोजगार क्रांति का वादा कर रही है, तो यह नौजवान वोटरों की नब्ज पर हाथ रखने की कोशिश ही है। दूसरी पार्टियों के घोषणापत्र में भी रोजगार का मुद्दा खास रहने वाला है।

**कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी का अपना महत्व है, पर यही घोषणाएं यदि मजबूत 'इंडिया' के मंच से होतीं, तो क्या इससे ज्यादा लाभ की संभावना नहीं होती?**

कांग्रेस की घोषणाओं का अपना महत्व है, लेकिन यही घोषणाएं अगर मजबूत विपक्षी 'इंडिया ब्लॉक' के मंच से होतीं, तो क्या इससे ज्यादा लाभ की संभावना नहीं होती? गठबंधन की मुश्किल राह पर क्या कांग्रेस की इन घोषणाओं का सकारात्मक फायदा होने वाला है? क्या कांग्रेस के पास इतने कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी की इन घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचा सकें? यह बात छिपी नहीं है कि जन-धन योजना हो या उज्ज्वला योजना या स्वच्छता या आवास संबंधी योजनाएं, ऐसी तमाम योजनाओं ने भाजपा की बुनियाद को मजबूत किया है। इससे भी बड़ी बात यह है कि इन तमाम योजनाओं से सीधे महिलाओं को लाभ हुआ है और भाजपा की जीत में महिलाओं के योगदान से कौन इनकार कर सकता है? तमिलनाडु की सरकार हो या दिल्ली की सरकार, महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ देकर रिझाने की सबकी कोशिशें स्वाभाविक हैं। महिला मतदाताओं को रिझाने और अपने पाले में उनके वोट लाने के लिए अब ज्यादा समय नहीं है, लेकिन इतना तो तय है कि महिलाओं और युवाओं को प्रत्यक्ष लाभ देकर रिझाने की ये कोशिशें उनके बेहतर भविष्य की ओर इशारा कर रही हैं।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 14 मार्च, 1949

### कोचीन-त्रावणकोर का विलय

एर्नाकुलम, १३ मार्च। रियासती सचिवालय के सलाहकार श्री बी.पी. मेनन ने एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि रियासतों के एकीकरण की भारत सरकार की नीति अच्छी है। आपने कहा कि इस नीति की बुद्धिमत्ता को आगे आने वाली पीढ़ियां ही जांच सकेंगी। आपने कहा कि हम बड़ी कठिनाइयों के दिनों से गुजर रहे हैं और हमें आर्थिक प्रश्नों पर विचार करते समय भारत को एक इकाई के रूप में सोचना चाहिए। श्री मेनन ने त्रावणकोर, कोचीन और मलाबार के पृथक अस्तित्व का जिक्र किया और कहा कि यदि वे इस स्थिति को बनाये रखेंगे, तो भविष्य में उन्नति करने की आशा व्यर्थ है। इस प्रदेश के प्राकृतिक साधनों से उस ही समय लाभ उठाया जा सकता है, जब इस पूरे क्षेत्र को एक आर्थिक इकाई के रूप में देखा जाये।

श्री मेनन ने आगे कहा कि भारत के पश्चिमी किनारे पर इस क्षेत्र की बुरी दशा का कारण पृथक अस्तित्व की मनोवृति तथा शताब्दियों से चली आ रही उपेक्षा है। इन्हीं कारणों से यहां कृषि तथा दूसरी बातों की उन्नति नहीं हो सकी। श्री मेनन ने कहा कि दोनों रियासतों में कांग्रेस मंत्रिमंडल बन जाने के कारण ऐसी अनेक समस्याएं सुलझ गयीं, जो ५० या ६० वर्ष से नहीं सुलझ सकी थीं। श्री मेनन ने दोनों रियासतों की जनता से जातिगत हितों से ऊपर उठकर असाम्प्रदायिक दृष्टिकोण विकसित करने की अपील की। श्री मेनन ने पत्र-सम्मेलन में बताया कि महाराजा कोचीन से आज वह दूसरी बार मिले और उन्हें बताया कि दोनों रियासतों के एकीकरण के सम्बन्ध में कोचीन और त्रावणकोर के मंत्रियों से क्या बातचीत हुई। आपने बताया कि एकीकरण के सम्बन्ध में महाराजा ने कोई विरोध नहीं किया। उन्होंने प्रस्तावित एकीकरण के बाद शासक कुटुम्बों के सदस्यों की क्या स्थिति होगी इस सम्बन्ध में विवरण मांगा। मैंने इस सम्बन्ध में महाराजा को संतुष्ट कर दिया। देश की स्थिति में जो परिवर्तन हो गया है, उसको महाराजा ने अनुभव किया और वह जनता के हित में रियासत के भविष्य के सम्बन्ध में सरदार पटेल के निर्णय को मानने के लिए तैयार हो गये।

निजाम सरकार के अधिकारी मुअत्तल- हैदराबाद, १३ मार्च। कल सरकारी तौर पर बताया गया है कि निजाम सरकार के ८६ सरकारी अफसरों को सैनिक सरकार द्वारा मुअत्तल कर दिया गया है।

# पूर्वोत्तर में नागरिकता की ज्यादा चिंता

**नागरिकता (संशोधन) कानून यानी सीएए पर पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में खुशी भी है और विरोध भी। ऐसे में, चुनाव के लिहाज से यह कितना अहम मुद्दा होगा?**



यहां स्कैन करें

प्रभाकर मणि तिवारी | वरिष्ठ पत्रकार

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, यानी सीएए के लागू किए जाने की अधिसूचना जारी होते ही पश्चिम बंगाल के साथ समूचे पूर्वोत्तर भारत में इसके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया है। अंतर यह है कि पश्चिम बंगाल में जहां ममता बनर्जी सरकार इसकी मुखालफत कर रही है, तो पूरे पूर्वोत्तर में छात्र व सामाजिक संगठन और विपक्षी राजनीतिक दल। इस कानून का सबसे ज्यादा विरोध 'पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार' कहे जाने वाले असम में हो रहा है। इस विरोध-प्रदर्शन की कमान राज्य के ताकतवर छात्र संगठन अखिल असम छात्र संघ (आसू) के हाथों में है। उसके बैनर तले इस कानून के खिलाफ जगह-जगह मशाल जुलूस निकाले जा रहे हैं। यह संगठन भी अब इस मुद्दे पर अपने सवाल लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रहा है।

असम समेत पूर्वोत्तर के ज्यादातर राज्यों में भाजपा व उसका गठबंधन सत्ता में है। जाहिर है, केंद्र ने इसे लागू करने के नतीजों का गुणा-भाग किया ही होगा। हालांकि, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का दावा है कि आसू जैसे संगठनों व विपक्ष के विरोध का आम चुनाव पर कोई असर नहीं होगा। उन्होंने विरोध करने वाले संगठनों से कड़ाई से निपटने की बात भी कही है। हिमंता ने साफ कहा है कि अगर किसी को इस कानून पर ऐतराज है, तो वह अदालत की शरण में जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा है कि अगर राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के लिए आवेदन नहीं करने वाले एक भी व्यक्ति को नागरिकता मिलती है, तो वह इस्तीफा देने वाले पहले व्यक्ति होंगे।

फिलहाल भाजपा इस बात का प्रचार करने में जुट गई है कि इस कानून के लागू होने के बाद असमिया लोगों पर कोई खतरा नहीं पैदा होगा। पार्टी का कहना है कि विपक्षी दल और कुछ संगठन इस कानून की गलत व्याख्या करके आम लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार ने इससे संबंधित नियमों में उनकी भाषा, संस्कृति व पहचान सुरक्षित रखने के लिए ठोस कदम उठाने का भरोसा दिया है।




वहीं, पूर्वोत्तर में विपक्षी कांग्रेस और त्रिपुरा व मेघालय के स्थानीय आदिवासी राजनीतिक दल इस मुद्दे को भुनाने में जुट गए हैं। त्रिपुरा में टिपरा स्टूडेंट्स फेडरेशन की दलील है कि यह कानून आदिवासियों के हितों के खिलाफ है। इससे इस तबके के लोग अपने ही घर में बेगाने बनने को मजबूर हो जाएंगे। मेघालय में तमाम आदिवासी संगठन इस कानून के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। ऐसे में, अंदेशा यही है कि इस कानून से भाजपा को पूर्वोत्तर में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन ज्यादातर राज्यों में सत्ता में होने और अपने संगठन की मजबूती के कारण मौजूदा हालात से निपटने का उसे पूरा भरोसा भी है। दूसरी ओर, कांग्रेस ने तमाम विपक्षी दलों को लेकर एक साझा मंच बना लिया है और इस कानून के विरोध में सड़कों पर उतर आई है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी सीएए और इससे होने वाले कथित नुकसान को अपना प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने इस कानून को बंगाल के दोबारा विभाजन का खेल बता दिया है। वह सवाल उठा रही हैं कि केंद्र चार साल तक इस मुद्दे पर चुप क्यों रहा? वह इसे बंगाल को विभाजित कर बंगालियों को देश से खदेड़ने की कोशिश के तौर पर मुद्दा बनाने में जुट गई हैं।

हालांकि, यहां एक तबका ऐसा भी है, जो इस कानून के लागू होने से बेहद खुश है। मतुआ समुदाय के ये लोग उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिले के अलावा नादिया जिले में भारी तादाद में रहते हैं। करीब तीन करोड़ की आबादी वाला यह समुदाय राज्य विधानसभा की कम से कम 50 सीटों पर निर्णायक स्थिति में है। इस समुदाय को भाजपा का समर्थक माना जाता है, और यह लंबे अरसे से नागरिकता (संशोधन) कानून की मांग कर रहा था। माना जा रहा है कि सीएए लागू होने से नागरिकता और दूसरे मौलिक अधिकारों को लेकर इस समुदाय में पसरी आशंका खत्म हो जाएगी।

स्पष्ट है, सीएए लागू हो जाने के बाद आगामी चुनाव में राजनीतिक परिदृश्य बदल सकता है। केंद्र सरकार ने सीएए के जरिये पश्चिम बंगाल के मतुआ समुदाय और असम में बंगाली हिंदू वोटरों को साधने की कोशिश की है। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, असम की 3.12 करोड़ की आबादी में 70 लाख से भी ज्यादा बंगाली हिंदू हैं। राज्य में असमिया हिंदुओं के बाद बंगाली हिंदू दूसरा सबसे बड़ा हिंदू समुदाय है।

मगर असम समेत तमाम पूर्वोत्तर राज्यों में इस कानून के विरोध से निपटना सरकार के लिए आसान नहीं होगा। सवाल है कि पूर्वोत्तर में इसका इतना विरोध क्यों हो रहा है? दरअसल, असम के लोगों को डर है कि इससे पड़ोसी देशों से आने वाले शरणार्थियों की बाढ़ के कारण असमिया लोगों की भाषा, संस्कृति, इतिहास और पहचान खतरे में पड़ जाएगी। यहां इस बात का जिक्र जरूरी है कि करीब चार साल पहले इस कानून के संसद में पेश होने पर भी असम में इसके खिलाफ भारी हिंसा और आगजनी हुई थी, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी और यह राज्य लंबे समय तक कर्फ्यू व अशांति की चपेट में रहा।

विरोधियों की दलील है कि सीएए 1985 के उस असम समझौते का उल्लंघन है, जिसे राज्य के लोगों की जीवन रेखा माना जाता है। उस समझौते में कहा गया था कि 25 मार्च, 1971 के बाद असम में अवैध रूप से आने वाले तमाम लोगों को घुसपैठिया मानते हुए राज्य से निकाल दिया जाएगा, जबकि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत 31 दिसंबर, 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान किया गया है।

पूर्वोत्तर के दो अन्य राज्यों- त्रिपुरा और मेघालय में छात्र और सामाजिक संगठनों का इस कानून के विरोध में सड़कों पर उतर आना भी अप्रत्याशित नहीं है। इन संगठनों का कहना है कि इस कानून के तहत यहां भारी तादाद में 'बाहरी' लोगों को नागरिकता मिल जाएगी, जिससे जनसांख्यिकीय संतुलन बिगड़ सकता है। जाहिर है, सीएए लागू हो जाने के बाद पश्चिम बंगाल के साथ-साथ पूरे पूर्वोत्तर का चुनावी परिदृश्य काफी दिलचस्प बन गया है। सवाल यही है कि भाजपा इसका चुनावी लाभ उठा पाएगी या विरोधी इसको अपने पक्ष में भुनाने में कामयाब होंगे?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# भुट्टो ग्यारह साल तक खुद को बताते रहे भारतीय



यहां स्कैन करें

विवेक शुक्ला | वरिष्ठ पत्रकार

जुल्फिकार अली भुट्टो ने भारत के खिलाफ जितनी नफरत का इजहार किया, उतनी नफरत शायद ही किसी अन्य पाकिस्तानी नेता ने दिखाई हो। यह उनकी शख्सियत का एक पहलू था। दूसरा पहलू यह भी था कि वह पाकिस्तान बनने के बहुत बाद तक अपने को 'भारतीय' ही साबित करने में लगे रहे। वह आजकल फिर खबरों में हैं, क्योंकि पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को साल 1979 में दी गई फांसी पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने माना कि फांसी दिए जाने से पहले भुट्टो को निष्पक्ष सुनवाई का मौका नहीं दिया गया था। बहरहाल, भुट्टो पाकिस्तान बनने के 11 साल तक अपने को अदालतों में भारतीय ही बता रहे थे। वह भारत में अपने परिवार की संपत्ति को छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। भुट्टो के पिता सर शाहनवाज भुट्टो का मुंबई के चर्चगेट में एस्टोरिया होटल और वर्ली में 'माई नेस्ट' नाम से एक बंगला था।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान की डायरी में 3 मार्च और 30 जून, 1967 की दो प्रविष्टियां अहम हैं। उनमें से एक इस प्रकार है: 'भारत से कुछ दस्तावेज मेरे हाथ आए, जिसमें बताया गया है कि भुट्टो 1958 तक दावा करते रहे थे कि वह एक भारतीय नागरिक हैं और कराची में केवल अस्थायी रूप से रह रहे हैं। इससे पता चलता है कि यह आदमी (भुट्टो) कितना बेईमान और घटिया इंसान है।'

**उनके साथ अदालत ने भी इंसाफ नहीं किया। जिंदगी भर भारत से नफरत करने वाले नेता खुद अपने देश में नफरत के शिकार हुए।**

दूसरी प्रविष्टि में लिखा है, 'यह सब हमें तब तक पता नहीं चला, जब तक कि इस मामले पर भारतीय संसद में चर्चा नहीं हुई।' दरअसल, भारत के केंद्रीय पुनर्वास मंत्री महावीर त्यागी ने 9 नवंबर, 1965 को राज्यसभा में बताया था कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री जेड ए भुट्टो विभाजन के समय अपने माता-पिता के साथ बंबई के निवासी थे और उनके पास वहां कई संपत्तियां थीं। उन्हें 6 जुलाई, 1949 को इवेक्यू (विस्थापित) घोषित कर दिया गया था। इसके बाद भुट्टो की मुंबई में संपत्तियों को शत्रु संपत्ति के रूप में ले लिया गया था। भुट्टो ने इस फैसले को कस्टोडियन जनरल और भारत के सर्वोच्च न्यायालय तक में चुनौती दी। वह फिर अगले नौ वर्ष तक अपना केस पाकिस्तान में रहकर लड़ते रहे। बाद में भुट्टो ने 11 सितंबर, 1957 को भारत के सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह अपनी संपत्ति से जुड़े सभी मामलों को वापस लेते हैं। वह 1957 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य बने, फिर 1958 में अयूब खान की सरकार में मंत्री बने।

कहने वाले तो कहते हैं कि भुट्टो भारत के खिलाफ जहर इसलिए उगलते रहे, क्योंकि उनके राजनीतिक विरोधी उनसे बार-बार सवाल पूछते थे कि उन्होंने 1947 में पाकिस्तान की नागरिकता स्थायी रूप से क्यों नहीं ली? अपने को पक्का पाकिस्तानी साबित करने के लिए वह भारत के खिलाफ बकवास करते थे। वह 1973 से 1977 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। जरा सोचिए, जो शख्स पाकिस्तान के टूटने का अहम किरदार था, वह 1973 के पाकिस्तान के आम चुनाव में जीतकर मुल्क का प्रधानमंत्री बन गया। बना इसलिए, क्योंकि उसने भारत-पाकिस्तान युद्ध की समाप्ति के बाद संयुक्त राष्ट्र सभा को संबोधित करते हुए भारत को पानी पी पीकर कोसा था। इसके चलते पाकिस्तानी अवाम ने उनकी पाकिस्तान को तोड़ने की खता को माफ कर दिया।

भुट्टो ने ही 1965 में अयूब खान को देश के विदेश मंत्री रहते हुए कश्मीर में घुसपैठियों को भेजने के लिए उकसाया था। अयूब खान से मतभेद होने के कारण ही उन्होंने अपनी नई पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी 1967 में बनाई। भारत से 1965 के युद्ध के बाद उन्होंने ही पाकिस्तानी परमाणु कार्यक्रम का शुरुआती ढांचा तैयार किया था। ऐसे नेता को 4 अप्रैल, 1979 को फांसी पर लटका दिया गया, क्योंकि उन पर अपने राजनीतिक विरोधी मोहम्मद अहमद खान कसूरी को मरवाने का इल्जाम लगा। अब साफ है कि उनके साथ अदालत ने भी इंसाफ नहीं किया। जिंदगी भर भारत से नफरत करने वाले भुट्टो खुद अपने देश में नफरत के शिकार हुए।

बहरहाल, एक सवाल का जवाब अभी तक नहीं मिल सका है कि क्या एक हिंदू मां के बेटे जुल्फिकार अली भुट्टो का भारत विरोधी होना जरूरी था?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# सत्संग क्यों जरूरी

एक बार मुझसे पूछा गया, 'बाबा, बुद्धिमान मनुष्य कौन है?' प्रश्न बहुत ही सहज है, मगर इसका रहस्य गूढ़ है। अब ध्यान से सुनो। जो कहता है कि केवल उन्हीं बातों को सुनूंगा, जिनको सुनने से मन परमपुरुष की ओर बढ़ेगा; केवल उन्हीं बातों को सोचूंगा, जिनको सोचने से मन परमपुरुष की ओर बढ़ता जाएगा; केवल उसी को मन का विषय बनाऊंगा, जिसकी भावना लेने से मन जड़ से चैतन्य की ओर बढ़ता जाएगा, ऐसा मनुष्य बुद्धिमान है।

बुद्धिमान मनुष्य का काम क्या है? ऐसे मनुष्य के लिए उचित है कि ज्ञानेंद्रियों के जरिये मन जो कुछ भी ग्रहण करे, उसमें ईश्वर की भावना हो। ठीक उसी तरह, कर्मेंद्रियों से मनुष्य जो कुछ करे, उनके प्रति उसे यह भावना लेनी होगी कि वे सभी वस्तुएं परमात्मा के ही विशेष रूप हैं। ऐसे में, वह बाहर की जिस भी वस्तु के संपर्क में आएगा, वह ईश्वर की भावना के साथ होगा, तो वह आध्यात्मिक साधना का स्वरूप बन जाएगा। याद रखिए, श्रवण, मनन और ध्यान के जरिये मनुष्य पुण्य अर्जन करता है। फिर महापुरुषों के दर्शन या स्पर्श से भी पुण्य अर्जन होता है। यह कैसे होता है? अचानक मन में एक भावना का उदय होता है कि मैं इस विराट, इस महान व्यक्ति के संपर्क में आ गया हूं। यह भावना मन में लगातार बढ़ती रहती है। इस भावना के बढ़ते रहने के कारण मन सुपवित्र होता रहता है। इससे मनुष्य का कल्याण होता है। इसी प्रकार, महापुरुषों के स्पर्श से भी मन सुपवित्र होता है, उसका कल्याण होता है। इसलिए यह कहना बहुत ही संगत है कि महापुरुषों के दर्शन या स्पर्श से जीव की मानसिक और आध्यात्मिक प्रगति होती है। जहां दर्शन या स्पर्श के बदले मन में नजदीक जाने की भावना होती है, वहां न दर्शन करने की आवश्यकता होती है, और न स्पर्श करने की।

श्रवण शब्द को रखा गया है धर्म के प्रचार के लिए। मानव मन में सात्विक भाव जगाने के लिए श्रवण की आवश्यकता है। आप जब कीर्तन करते हैं, तब उससे केवल आप ही आनंद पाते हैं, ऐसी बात नहीं है। आपके मुंह से जो उच्चरित होता है, जब वह दूसरों के कानों में पड़ता है, तो उनकी प्रगति होती है। उनकी भी उन्नति होती है, उनका भी कल्याण होता है। इसलिए यहां श्रवण शब्द को महत्व दिया गया है।

**आप जब कीर्तन करते हैं, तो उससे सिर्फ आप आनंद पाते हैं, ऐसी बात नहीं है। आपके मुंह से जो उच्चरित होता है, वह दूसरों के कानों में पड़ता है, तो उनकी भी प्रगति होती है, उनका भी कल्याण होता है।**

दूसरा है मनन। अच्छा हो या बुरा, काम हमारा मन ही करता है। केवल हाथ-पैर काम नहीं करते। हाथ से चोरी करने का अर्थ है कि मन चोरी कर रहा है। इसलिए मनन क्रिया के ऊपर अधिक जोर दिया जाता है। सत्संग के फलस्वरूप, साधु-संगत में मन अच्छी बातों को लेकर चिंतन करता है। फलस्वरूप मानसिक उन्नति होती है, और मानसिक उन्नति का अर्थ है, पूरे मनुष्य की उन्नति!

श्री श्री आनंदमूर्ति

धर्मेंद्र प्रधान | केंद्रीय शिक्षा मंत्री



**विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में हमने गुजरात और असम में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। सेमीकंडक्टर निर्माण, संयोजन और परीक्षण की सुविधाएं असीम संभावनाओं के द्वार खोलेंगी।**

## रक्षा क्षेत्र में सशक्त बनता भारत

मिशन दिव्यास्त्र के लिए डीआरडीओ वैज्ञानिकों पर हमें गर्व है। जिस तरह से 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) तकनीक के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया, यह रक्षा क्षेत्र में सशक्त बनते भारत का संकेत है। भारत ने सोमवार को न्यूक्लियर बैलेस्टिक मिसाइल अग्नि-5 की पहली फ्लाइट टेस्टिंग की। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत इसे विकसित किया है। यह देश की पहली और एकमात्र इंटर कॉन्टिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल है। एमआईआरवी तकनीक से लैस होने का अर्थ है कि एक साथ कई लक्ष्यों को भेदना अब संभव हो सकेगा। अग्नि-5 मिसाइल 5,000 किलोमीटर तक निशाना लगा सकती है, यानी इसकी जद में पूरा चीन व पाकिस्तान आ सकता है। इसके अलावा यूरोप और अफ्रीका के कुछ हिस्सों तक भी यह पहुंच सकती है। उल्लेखनीय यह है कि अग्नि-5 मिसाइल डेढ़ टन तक परमाणु हथियार अपने साथ ले जाने में सक्षम है। इसकी स्पीड मैक 24 है, यानी आवाज की गति से 24 गुना ज्यादा। इसके लॉन्चिंग सिस्टम में कैनिस्टर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, इसलिए इस मिसाइल को कहीं भी आसानी से लाया-ले जाया जा सकता है। अग्नि-5 एक उन्नत एमआईआरवी मिसाइल है।

अमूमन किसी मिसाइल में सिर्फ एक वारहेड ले जाया जा सकता है, जबकि एमआईआरवी में एक साथ कई वारहेड ले जा सकते हैं। इसे देखकर यह स्पष्ट है कि पहले जो मिशन सिर्फ शुरू होकर रह जाते थे और कभी पूरे नहीं होते थे, वे अब धड़ल्ले से पूरे हो रहे हैं, क्योंकि देश का नेतृत्व स्वयं रुचि लेता है, असफल होने पर सांत्वना देता है और सफल होने पर बधाई देता है व पुरस्कृत भी करता है।

चंद्र मोहन अग्रवाल, टिप्पणीकार

### दूर तक निशाना

दिव्यास्त्र अग्नि-5 को ऐसे समझिए कि हम अब एक साथ बीजिंग, शंघाई, हांगकांग से लेकर लाहौर, कराची, पेशावर को परमाणु बम मार सकते हैं। हां, यह भी सत्य है कि हम कभी भी परमाणु बम का पहला प्रयोग नहीं करेंगे। इतना ही नहीं, अग्नि-5 की रेंज कहने के लिए तो 5,000 किलोमीटर है, लेकिन इसकी वास्तविक हद 8,000 से अधिक है। यह हम इसलिए जाहिर नहीं करते, क्योंकि इससे चीन, रूस, मध्य-पूर्व से लेकर यूरोप तक के देशों में बेवजह का तनाव पैदा हो जाएगा कि भारत इन देशों को भी अपने लिए खतरा समझता है, जबकि ऐसा है नहीं। हम कभी किसी देश से युद्ध नहीं चाहते, यह हम पर थोपा ही गया है।

विशाल कुकरेती, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

एमआईआरवी



## इससे हथियारों की दौड़ शुरू होगी

अपनी सुरक्षा के लिए हर मुमकिन उपाय करना सभी देशों का अधिकार है। ऐसा वे करते भी हैं, मगर मुश्किल तब आती है, जब आत्मरक्षा के नाम पर किए गए उद्यम को उकसाने वाला कदम मान लिया जाए। बेशक, अग्नि-5 की सफलता सराहनीय है, लेकिन ऐसी किसी मिसाइल की हमें फिलहाल जरूरत नहीं है। पहले ही हमारे बेड़े में ऐसी-ऐसी मिसाइलें हैं कि हम चीन, पाकिस्तान जैसे देशों को पर्याप्त जवाब दे सकते हैं। पाकिस्तान को तो हमने हर युद्ध में हराया है, जबकि चीन के मामले में हम अब ईंट का जवाब पत्थर से देने लगे हैं। इसीलिए, अग्नि-5 जैसी कवायद भारत के संदर्भ में महत्वहीन जान पड़ती है।

इतना ही नहीं, अब शायद ही कोई देश परंपरागत युद्ध लड़ने का खतरा उठाना चाहता है। खासतौर से फ्रांस-यूक्रेन और इजरायल-हमास युद्ध ने स्पष्ट कर दिया है कि छोटे से छोटा देश भी अब हथियारों के मामले में कमजोर नहीं है। उनके पास भी ऐसी-ऐसी तकनीक है कि वे जवाबी प्रतिक्रिया दे सकते हैं और युद्ध को लंबा खींच सकते हैं। इसीलिए, परंपरागत युद्ध की जगह दुश्मन देश को आर्थिक रूप से कमजोर करना ज्यादा कारगर है। यही कारण है कि परंपरागत युद्ध की अपनी ताकत बढ़ाने के बजाय हमें बौद्धिक ताकत बढ़ानी चाहिए, ताकि किसी भी देश को हम पछाड़ सकें।

रही बात एमआईआरवी तकनीक की, तो इसके बारे में कहा जा रहा है कि इसकी मदद से जितनी जरूरत हो, उतने हथियार इस्तेमाल किए जा सकते हैं। मगर खबर यह भी है कि साल 2017 में पाकिस्तान ने 'अबाबील' नामक मिसाइल का परीक्षण किया था और दावा किया था कि यह एमआईआरवी तकनीक पर आधारित है। पाकिस्तानी सेना ने इस मिसाइल का दोबारा परीक्षण अक्तूबर, 2023 में किया था। इसका मतलब है कि जिस तकनीक पर हम अपनी पीठ आज थपथपा रहे हैं, वह पहले से पाकिस्तान के पास है।

हमें यह भी समझना होगा कि अगर किसी देश को यह शंका हो जाए कि भारत उस पर हमला कर सकता है, तो वह अपनी खीझ मिटाने के लिए अपने यहां भी ऐसी तकनीकों को बढ़ावा दे सकता है। और ऐसे में, दक्षिण एशिया में एक ऐसी दौड़ शुरू हो सकती है, जो फिलहाल बेमानी है। इसके बजाय यहां के देशों को अपने यहां की भूख और बेरोजगारी जैसी समस्याओं को दूर करने पर खर्च बढ़ाना चाहिए। मानव विकास के चरणों, वंचित तबकों के विकास, हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच जैसी बुनियादी जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए, उसके बाद ही देशों को हथियारों या ऐसी तकनीक पर खर्च बढ़ाने चाहिए।

प्रभात झा, टिप्पणीकार

# एआई ही नहीं, ईआई का स्किल भी है जरूरी

**जॉब की दुनिया में हमारे तकनीकी कौशल भी एक समय के बाद हर किसी के पास समान स्तर के हो सकते हैं। जैसे एआई का स्किल। अब हर कोई इसे सीख रहा है। ऐसे में इमोशनल इंटेलिजेंस यानी ईआई पर आपकी आगे बढ़ने की गति निर्भर करती है। कैसे इसे खुद में विकसित करें, बता रहे हैं हमारे विशेषज्ञ**



आदित्य सिसोदिया
एग्जीक्यूटिव करियर कोच एवं कॉरपोरेट ट्रेनर



**90%** तक प्रभाव होता है ईक्यू का करियर ग्रोथ में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एक लेख के अनुसार, क्योंकि एक समय के बाद तकनीकी कौशल लगभग समान हो जाते हैं। वहीं करियर बिल्डर के एक सर्वे में सामने आया कि 71 फीसदी नियोक्ताओं का कहना है कि आईक्यू से कहीं ज्यादा असर होता है ईक्यू का करियर सक्सेस में।

**61%** नियोक्ताओं ने एक अध्ययन में कहा कि सिर्फ उच्च आईक्यू वाले कर्मचारियों की तुलना में उनकी ओर से उच्च ईक्यू वाले कर्मचारियों को बढ़ावा दिए जाने की संभावना ज्यादा है।

यह सही है कि जिन तकनीकी कौशलों ने आपका पहला प्रमोशन सुनिश्चित करने में मदद की, हो सकता है कि अब आगे आपकी पदोन्नति के लिए वे उतने असरदार ना रहें। अगर आपको लीडरशिप चाहिए, तो आपको इमोशनल इंटेलिजेंस को समझना होगा और इसका अपने कामकाज में कुशलता से उपयोग करना होगा। इमोशनल इंटेलिजेंस कामकाज की दुनिया में इस साल के सबसे ज्यादा जरूरी सॉफ्ट स्किल्स में शामिल है। आपको बता दें कि वास्तव में, 71 प्रतिशत नियोक्ता उम्मीदवारों का मूल्यांकन करते समय तकनीकी कौशल से अधिक भावनात्मक बुद्धिमत्ता को महत्व देते हैं।

## अपनी ब्रांडिंग के लिए जरूरी

यह ऐसा सॉफ्ट स्किल है, जो आपको ऑफिस में भरोसेमंद कर्मचारी के तौर पर स्थापित करता है। इसकी बदौलत तनाव को बेहतर संभाल सकते हैं, प्रभावी ढंग से संवाद करते हैं और समस्याओं को हल करने में दूसरों से सहज सहयोग लेने में आगे रहते हैं।

## क्या है ईक्यू

इमोशनल कोशिएंट या इमोशनल इंटेलिजेंस की मौजूदगी को कुछ उदाहरणों से समझें :

- **उदाहरण 1 :** छोटे शहर से निकलकर आप पहली जॉब में ऑफिस पहुंचते हैं, वहां हर आदमी फरटिदार अंग्रेजी में बात करता है। यहां कामकाज में तेजी है। आप मन ही मन घबरा जाते हैं। लेकिन पहले ही दिन भाग खड़े होने के बजाय खुद को आजमाने का निर्णय लेते हैं। घबराहट क्यों हो रही है, उन कारणों पर फोकस करते हैं। लोगों से बातचीत करके जरूरी स्किल्स को सीखने की योजना बनाते हैं।
- **उदाहरण 2:** फोन कॉल पर आपका क्लाएंट आपसे नाराज हो रहा है। हालांकि आपकी कोई गलती नहीं है। ऐसे में आप उसके पक्ष को पूरा सुनने का निर्णय लेंगे। क्षमा प्रार्थना के साथ उसे तथ्यों की जांच के बाद दोबारा कॉल करने की आज्ञा मांगेंगे।

ये इमोशनल इंटेलिजेंस की बात है कि पहले उदाहरण में ऑफिस में कमियां देखने के बजाय कर्मचारी ने स्वआकलन का फैसला किया। वहीं दूसरे उदाहरण में क्लाएंट की स्थिति में होने पर महसूस होने वाली परेशानी का अंदाजा लगाया गया और सही तरह से व्यवहार किया।

यानी भावनात्मक बुद्धिमत्ता अपनी और दूसरों की भावनाओं को पहचानने, समझने और नियंत्रित करने की क्षमता से संबंधित सॉफ्ट स्किल है। इसमें तीन तत्व स्पष्ट रूप से शामिल होते हैं।




## समझें तीन 'स'

- **सजगता :** आत्म-जागरूक होना, ताकि पहचान सकें कि आपकी भावनाएं या व्यवहार दूसरों को कैसे प्रभावित कर रहा है।
- **सहानुभूति :** अपने आस-पास लोगों की इच्छाओं, जरूरतों और दृष्टिकोणों को पहचानने और समझने की क्षमता होना।
- **संपर्क :** दूसरों के साथ जुड़ने की क्षमता। क्योंकि अच्छे सामाजिक कौशल वाले लोगों के संपर्क में रहना लोग पसंद करते हैं और इस तरह बेहतर नेटवर्किंग होती है।

## खुद को ऐसे परखें

यह स्किल आसानी से विकसित किया जा सकता है। कुछ इस तरह सोचना शुरू करें:

- **ऑफिस में अपनी प्रतिक्रियाओं को दें**

**सही नजरिया:** खुद को दूसरे की जगह रखकर आकलन करें और किसी भी नए नजरिए के प्रति स्वयं में स्वीकार्यता लाएं।

- **देखें कि क्या आप ऑफिस में अपनी उपलब्धियों पर ज्यादा फोकस करते हैं ?**

**सही नजरिया :** नम्रता एक अच्छा स्किल है। इसका मतलब शर्मीला होना नहीं होता, बल्कि इसका मतलब होता है कि आपने जो काम किया, उसे आप बहुत अच्छी तरह समझते हैं और उसके नतीजों को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। इसीलिए आपको अपनी उपलब्धियों के सुरक्षा कवच की जरूरत नहीं।

- **अपनी कमियां देखने का नजरिया है क्या ?**

**सही नजरिया :** खुद की ओर अपनी ही उंगली उठाना अपने में सुधार की शुरुआत है। साहस से खुद में कमी देखने की कोशिश जरूर करें।

- **तनाव में कैसी प्रतिक्रिया देते हैं ?**

**सही नजरिया :** अपने नियंत्रण में रहना और शांत बने रहने के गुण को खासकर कामकाजी दुनिया में बहुत अहमियत से देखा जाता है।

## कुछ कोर्स भी कर सकते हैं

इमोशनल इंटेलिजेंस के कुछ निशुल्क ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स हैं :

- डेवलपिंग योर इमोशनल इंटेलिजेंस : ऑनलाइन मंच :**Alison**
- एंपेथी एंड इमोशनल इंटेलिजेंस ऐट वर्क; ऑनलाइन मंच : **Class Central**
- इमोशनल एंड सोशल इंटेलिजेंस : यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, डेविस : ऑनलाइन मंच : **Coursera**
- विभिन्न आयु वर्ग और संस्कृतियों के साथ वालंटियर वर्क करें। ताकि आपको संस्कृति आधारित विविध अनुभव मिलें।

## ऐसे करें विकसित

- अपनी आवाज रिकॉर्ड करके सुनें कि उसका कैसा प्रभाव आता है। ऑफिस मीटिंग में या कुलीग से बातचीत का वीडियो बनाकर अपनी बॉडी लैंग्वेज देखें। दूसरों की बॉडी लैंग्वेज को समझने का अभ्यास करें।
- जिन बिंदुओं से उत्तेजित हो जाते हैं, उनको नोटिस करना शुरू करें। और उनका प्रभाव ना लेने का अभ्यास करें।
- किसी भी मीटिंग में कुछ बोलने से पहले एक बार माहौल को और उपस्थित लोगों के मूड को समझने की कोशिश करें।
- एक्टिव लिसनिंग का अभ्यास यानी बात बीच में काटें नहीं। विरोध मिले, तो दोषारोपण के बजाय समाधान पर फोकस करें।
- करियर में आपको विभिन्न संस्कृतियों के लोगों के बीच काम करना पड़ सकता है। इसलिए सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग, रोस्टिंग जैसी चीजों से बचें। प्रोफशनल मदद लें।

## जॉब/करियर न्यूज

- यूपीएससी की ओर से पर्सनल असिस्टेंट के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**कुल पद :** 323
**अंतिम तिथि :** 27 मार्च 2024
**आवेदन प्रक्रिया:** रिक्रूटमेंट टेस्ट 7 जुलाई को होगा। **upsc.gov.in** के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

- दिल्ली सबॉर्डिनेट सर्विस सेलेक्शन बोर्ड की ओर से लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, ऑक्सिलियरी नर्स आदि के पदों पर आवेदन आमंत्रित हैं।

**कुल पद :** 414
**अंतिम तिथि :** 19 अप्रैल 2024
**आवेदन प्रक्रिया:** ज्यादा जानकारी के लिए और ऑनलाइन आवेदन के लिए देखें **dsssb.delhi.gov.in**

- ओडिशा सब-ऑर्डिनेट स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से विविध वर्गों में टीचर्स की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**कुल पद :** 2629
**अंतिम तिथि :** 25 अप्रैल 2024
**आवेदन प्रक्रिया:** आवेदन व अन्य जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को वेबसाइट **osssc.gov.in** देखनी चाहिए।

- पंजाब पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से एनिमल हसबैंड्री, फिशरीज और डेयरी डेवलपमेंट विभाग में वेटरिनरी ऑफिसर (ग्रुप ए) के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**कुल पद :** 300
**आवेदन की अंतिम तिथि :** 28 मार्च 2024
**आवेदन कैसे करें:** आधिकारिक वेबसाइट **ppsc.gov.in** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

- यूपीएससी की ओर से नर्सिंग ऑफिसर रिक्रूटमेंट 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**कुल पद :** 1930
**अंतिम तिथि:** 27 मार्च 2024 तक
**आवेदन कैसे करें : upsconline.nic.in** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और विस्तार से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

- हाईकोर्ट ऑफ झारखंड की ओर से ग्रुप सी के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**कुल पद :** 249
**अंतिम तिथि :** 31 मार्च 2024 तक
**आवेदन प्रक्रिया:** ज्यादा जानकारी के लिए और ऑनलाइन आवेदन के लिए देखें वेबसाइट **jharkhandhighcourt.nic.in**

- वेस्ट बंगाल पुलिस रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से कॉन्स्टेबल और लेडी कॉन्स्टेबल के पदों पर आवेदन आमंत्रित हैं।

**कुल पद :** 3734
**अंतिम तिथि :** 29 मार्च 2024 तक आवेदन कर दें।
**आवेदन प्रक्रिया:** ज्यादा जानकारी के लिए और ऑनलाइन आवेदन के लिए देखें वेबसाइट **prb.wb.gov.in**

- हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से कॉन्स्टेबल के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**कुल पद :** 6000
**अंतिम तिथि :** 21 मार्च 2024 तक।
**आवेदन प्रक्रिया: hssc.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

- एअरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से जूनियर एग्जीक्यूटिव पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। **कुल पद :** 490

**अंतिम तिथि :** आवेदन 2 अप्रैल से 1 मई के बीच ऑनलाइन भेजें। वेबसाइट **www.aai.aero** देखें।

(आवेदन करने से पहले अपने स्तर पर आधिकारिक स्रोतों से जानकारी जरूर लें।

# नीट परीक्षा की तैयारी के कुछ मंत्र काम आएंगे

एक्सपर्ट टिप्स
आशीष आदर्श
करियर काउंसलर





- **मैं अभी 10+2 बायो से कर रही हूं। साथ ही मेडिकल प्रवेश की तैयारी भी कर रही हूं। क्या आप मुझे नीट परीक्षा के लिए कुछ लाभदायक टिप्स दे सकते है? सुनैना सिंह**

मेडिकल प्रवेश के लिए हर साल लाखों छात्र तैयारी करते हैं और अपनी-अपनी रणनीति तय करते हैं। मैं आपको कुछ टिप्स दे रहा हूं, जो न केवल मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी में, बल्कि किसी भी अन्य प्रतियोगी परीक्षा में भी बेहद महत्वपूर्ण होंगे। यहां यह बताना जरूरी है कि देश के लगभग सभी सफल लोगों की यही रणनीति रही है।

**पहला,** अपनी मेडिकल परीक्षा के सिलेबस को अच्छी तरह जान लीजिए और उससे संबंधित स्टडी मैटीरियल की लाइब्रेरी तैयार कर लीजिए। उपयुक्त स्टडी मैटीरियल के चयन में अपने शिक्षक से सलाह लीजिए।

**दूसरा** और महत्वपूर्ण, अपनी तैयारी में अपनी पढ़ाई के घंटे को मत जोड़िए, बल्कि उन घंटों में अपनी उपलब्धि पर ध्यान दीजिए।

**तीसरा,** पुराने 5 वर्ष के प्रश्न पत्र को हल करने का प्रयास कीजिए, आप समझ जाएंगे कि आपको किस विषय में और कितनी तैयारी की जरूरत है।

**चौथा,** सेलेक्टिव स्टडी से बचिए, क्योंकि आज तक किसी को भी सेलेक्टिव स्टडी के आधार पर कोई सफलता नहीं मिली है।

**पांचवां,** प्रश्न हल करने में तेजी लाने की प्रैक्टिस कीजिए, ताकि आपके पास अपने प्रश्न हल करने और उनको रिवाइज करने का पूरा समय हो। इसके लिए टाइम मैनेजमेंट सबसे बढ़िया तरकीब है।

**छठा,** तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर का चुनाव करते समय उसके पुराने ट्रैक रिकॉर्ड को देख लीजिये कि वहां सक्सेस रेट क्या है। फैकल्टी और मैटीरियल की जानकारी प्राप्त कर ही वहां दाखिला लें।

**सातवां,** अपनी शंकाओं की सूची तैयार कीजिये और तत्काल अपने शिक्षक या गाइड से उसका समाधान लीजिये, क्योंकि इसे टालने से आपको आगे बड़ा नुकसान हो सकता है। यदि आपने इन टिप्स का पालन ईमानदारी से कर लिया, तो आपको सफल होने से कोई ताकत नहीं रोक सकती।

- **मैंने इस साल बीएससी इन कंप्यूटर साइंस का कोर्स किया है। क्या भारतीय रेलवे में इस योग्यता के आधार पर कोई नियुक्ति होती है? मो. इमाम अख्तर**

वैसे तो भारतीय रेलवे में क्लर्क से लेकर विभिन्न गैर-तकनीकी पदों पर किसी भी विषय के स्नातकों की नियुक्ति हो सकती है, परंतु यदि आप आपके क्षेत्र से संबंधित किसी पद पर जाना चाहते हैं, तो रेलवे सिग्नल तकनीशियन का करियर चुन सकते हैं। यदि आपकी आयु 34 वर्ष से कम है और आपने बीएससी (आईटी), बीसीए, बीएससी (कंप्यूटर साइंस), बीटेक (कंप्यूटर साइंस) या समकक्ष कोई पाठ्यक्रम किया है, तो आप रेलवे सिग्नल तकनीशियन के पद पर काबिज होने के लिए सीबीटी यानी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट में बैठने की तैयारी कर सकते हैं। विशेष जानकारी वेबसाइट **indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध 'रिक्रूटमेंट' सेक्शन को खंगालें।

# सीएस के 5 जरूरी शुरुआती कोर्स

**जॉब टिप्स**

**अगर आप साइबर सिक्योरिटी (सीएस) के क्षेत्र में अपनी जगह बनाने की योजना मे हैं, तो यहां हम दे रहे हैं कुछ आधारभूत स्किल, जो यहां शुरुआत करने के लिए होंगे जरूरी**



साइबर सिक्योरिटी का क्षेत्र आईटी सेक्टर में इस साल सबसे ज्यादा मांग का क्षेत्र कहा जा रहा है। इस क्षेत्र को अपना लक्ष्य बनाना मौकों के लिहाज से निश्चिंतता देगा। यहां हम बता रहे हैं कुछ स्किल और संबंधित कोर्स, जो इस क्षेत्र के लिए हैं जरूरी।

## ऑडिट और कंप्लाएंस

साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में जाना चाहते हैं, तो इससे संबंधित नियमों और कानूनों के बारे में भी पता होना चाहिए। कुछ प्रमुख आईटी सिक्योरिटी मानक है, पीसीआई डीएसएस, एसओएक्स, एपआईपीएए

**कोर्स : Certified Information Systems Auditor (CISA) Online Course**

## फायरवॉल स्किल्स

एक साइबर सिक्योरिटी पेशेवर को नेटवर्क ट्रैफिक को फिल्टर करने और नेटवर्क पर अनधिकृत पहुंच को रोकने के लिए फायरवॉल का लाभ उठाने में सक्षम होना चाहिए। **कोर्स के मंच : Great Learning Academy, coursera, The Open University**

## सिएम प्रबंधन

सिक्योरिटी इन्फॉर्मेशन एंड इवेंट मैनेजमेंट (सिएम) आपके नेटवर्क पर नजर रखने वाला टूल है, जो चेतावनी भी भेजता है। इसका प्रबंधन और विश्लेषण करना जरूर सीखें।

**कोर्स के मंच : Cybrary, SANS Institute, IBM TechXchange Community**

## मोबाइल डिवाइस प्रबंधन

आपको स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप को सुरक्षित रखने के तरीके जानने चाहिए, साथ ही डेटा की क्षति से बचने की रणनीतियों को भी समझना चाहिए।

**कोर्स के मंच : EC-Council, ManageEngine** मोबाइल वेंडर की वेबसाइट पर भी मिल सकते हैं।

## डेटा मैनेजमेंट प्रोटेक्शन

आपको सभी प्रकार के डेटा का विश्लेषण, प्रबंधन और उसे सुरक्षित रूप से संग्रहित करने में सक्षम होना चाहिए। **कोर्स के मंच : Alison, courser, sans.org**

shine

## भेजें अपने सवाल

